रोहतक
गुरुवार, 10 अप्रैल 2025
चैत्र मास शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी वर्ष : 29, अंक : 69
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 42.9
न्यून. 20.2

haribhoomi.com

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

महावीर जयंती की मंगलकामनाएं



# आरबीआई ने रेपो दर घटाई
## कार और होम लोन होंगे सस्ते



**मुंबई (भाषा)।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने अमेरिका के जवाबी शुल्क को लेकर व्याप्त चिंता के बीच अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के लिए बुधवार को लगातार दूसरी बार प्रमुख ब्याज दर रेपो को 0.25% प्रतिशत घटाकर 6 प्रतिशत कर दिया। साथ ही केंद्रीय बैंक ने अपने रुख को 'तटस्थ' से 'उदार' करते हुए आने वाले समय में ब्याज दर में एक और कटौती का संकेत दिया। आरबीआई के इस कदम से आवास, वाहन और अन्य कर्ज सस्ते होने की उम्मीद है। वहीं, वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच वित्त वर्ष 2025-26 के लिए अपने आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को भी 6.7 प्रतिशत से घटाकर 6.5 प्रतिशत कर दिया है। चालू वित्त वर्ष की पहली द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा के फैसलों की आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने जानकारी दी है।

### मौद्रिक समीक्षा की खास बातें

- प्रमुख ब्याज दर (रेपो) को 0.25% घटाकर 6% किया गया।
- रेपो दर में लगातार दूसरी बार चौथाई प्रतिशत की कटौती।
- मौद्रिक रुख को 'तटस्थ' से 'उदार' किया गया, जिसका अर्थ है कि एमपीसी केवल दो विकल्पों पर विचार करेगी ....यथास्थिति या दर में कटौती ।
- वित्त वर्ष 2025-26 के लिए जीडीपी वृद्धि दर अनुमान को 6.7% से घटाकर 6.5% किया।
- 2025-26 के लिए मुद्रास्फीति अनुमान को 4.2% से घटाकर 4% किया।

(पेज 4 भी देखें)

# गुरमीत को मिली 21 दिन की फरलो, सिरसा डेरे में रहेगा



हनीप्रीत रोहतक जेल लेने पहुंची, सिरसा डेरे में पहुंचा डेरामुखी
डेरे से वीडियो जारी कर कहा, फिर से आपकी सेवा में

**चंडीगढ़ (भाषा)।** जेल में बंद डेरा सच्चा सौदा प्रमुख और बलात्कार के दोषी गुरमीत राम रहीम सिंह को 21 दिन की 'फरलो' दी गई है। जनवरी 2024 के बाद से यह 5वीं बार है जब उसे अस्थायी रूप से जेल से रिहा किया है। गुरमीत बुधवार सुबह रोहतक की सुनारियां जेल से बाहर आया। उसे लेने के लिए सिरसा डेरे से हनीप्रीत आई थी। इस बार वह फरलो के दौरान सिरसा में स्थित डेरा के मुख्यालय में रहेगा। डेरा के प्रवक्ता और अधिवक्ता जितेंद्र खुराना ने कहा कि उसे 21 दिन की फरलो मिली है। एक वीडियो में सिंह को डेरा के स्थापना दिवस से पहले अपने अनुयायियों को बधाई देते हुए सुना जा सकता है।

### दिल्ली चुनाव के दौरान मिली थी 30 दिन की पैरोल

दिल्ली में फरवरी में संपन्न विधानसभा चुनाव से पहले, जनवरी में सिंह (57) को 30 दिन की पैरोल दी गई थी। सिंह अपनी दो अनुयायियों से बलात्कार के मामले में 2017 से 20 साल की सजा काट रहा है। सिंह को पिछले साल एक फरवरी को 20 दिन की पैरोल मिली थी। वह पैरोल भी उसे पांच अक्टूबर को हुए हरियाणा विधानसभा चुनाव से पहले मिली थी। संयोग से बीते कुछ वर्षों के दौरान सिंह को पंजाब, हरियाणा और पड़ोसी राज्यों में चुनाव के समय पैरोल और फरलो मिली हैं।

# फतेहाबाद में बच्ची के दो दरिंदों को फांसी की सजा



साढ़े तीन साल की बच्ची की रेप के बाद की थी हत्या
■
फास्ट ट्रैक कोर्ट का 9 माह में ही बड़ा फैसला

**फतेहाबाद (हरिभूमि न्यूज)।** टोहाना के ग्रामीण इलाके में 9 माह पहले साढ़े तीन साल की बच्ची के साथ दरिंदगी कर उसकी हत्या करने वाले दो दरिंदों को जज अमित गर्ग की फास्ट ट्रैक कोर्ट ने फांसी की सजा सुनाई है। दोषियों के नाम गांव लालुवाल निवासी मुकेश और कानाखेड़ा निवासी सतीश हैं। दोषियों पर आरोप 7 माह पहले ही तय हुए थे। न्यायाधीश अमित गर्ग ने दोनों को फांसी की सजा के अलावा 1. 75 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। बता दें कि दरिंदगी का शिकार हुई मासूम ने 9 दिन तक जिंदगी की जंग लड़ते हुए रोहतक पीजीआई में दम तोड़ दिया था।

### यह था मामला

यह घटना 29 जून 2024 की रात को हुई थी। जिला न्यायवादी देवेन्द्र मित्तल व अरूण बंसल ने बताया कि यह केस चिन्हित अपराध की श्रेणी में आता था। मासूम बच्ची के माता-पिता उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। वे टोहाना के पास स्थित एक गांव में खेत मजदूरी करने के लिए आए थे। यहां एक जमींदार के खेत में वह रह रहे हैं। 29 जून को 3 युवक मुकेश, सतीश और शंभू उनके घर आए थे। वे आधी रात को बच्ची को उठाकर ले गए और रेप किया इसके बाद उसे जाखल रोड पर लहूलुहान हालत में छोड़ गए। बच्ची की गंभीर हालात को देखते हुए 30 जून को बच्ची को पीजीआई रोहतक में दाखिल करवाया गया था। जहां उसकी नौ दिन बाद मौत हो गई थी।

## ट्रेड वार : ड्रैगन बोला-झुकेंगे नहीं, ट्रंप बोले-अमेरिका को लूटने नहीं देंगे

# चीन ने टैरिफ बढ़ा 84% किया तो यूएस ने ठोका 125% जवाबी शुल्क

## डोनाल्ड ने चीन को छोड़ बाकी देशों पर 90 दिनों के लिए रेसिप्रोकल टैरिफ रोका

एजेंसी ▶▶| बीजिंग/वाशिंगटन

अमेरिका और चीन के बीच टैरिफ बार तेज हो गई है। चीन ने बुधवार को अमेरिका पर टैरिफ को 34% से बढ़ाकर 84% कर दिया और कहा कि हम झुकेंगे नहीं। इसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने देर रात चीन के खिलाफ टैरिफ को 104% से बढ़ाकर 125% कर दिया है और कहा कि हम अमेरिका को लूटने नहीं देंगे। ट्रम्प ने एक और ऐलान करते हुए चीन को छोड़कर सभी देशों पर रेसिप्रोकल (जैसे को तैसा) टैरिफ 90 दिनों के लिए रोक दिया है। उन्होंने अपने फैसला पलटने के पीछे देशों के साथ व्यापार पर नई बातचीत का हवाला दिया। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा कि टैरिफ लेवल को घटाकर सभी देशों के लिए 10% कर दिया जाएगा, जो कई देशों के लिए एक जरूरी कटौती होगी। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर लिखा- चीन ने ग्लोबल मार्केट के लिए अनादर दिखाया है, उसकी वजह से मैं चीन पर लगाए जाने वाले टैरिफ को बढ़ाकर 125% कर रहा हूं। यह तत्काल प्रभाव से लागू होगा। उम्मीद है कि चीन आने वाले वक्त में यह बात समझ जाएगा कि अब अमेरिका और अन्य देशों को लूटने के दिन चले गए हैं।

■ अमेरिकी कंपनियों के व्यापार पर अधिक प्रतिबंध लगाएंगे
■ अमेरिका सामान चीन में महंगा होगा, निर्यात में कमी आएगी



### ईयू ने भी अमेरिका पर लगाया 25% टैरिफ

ईयू ने भी बुधवार को ट्रम्प के टैरिफ पर पलटवार करते हुए कई अमेरिकी प्रोडक्ट्स पर 25% तक टैरिफ लगाने को मंजूरी दे दी है। ईयू इसके जरिए अमेरिकी पर समझौते का दबाव बनाना चाहता है। वॉशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक ईयू की लिस्ट में सोयाबीन, मांस, अंडा, बादाम, लोहा, स्टील, कपड़ा, तम्बाकू व आइसक्रीम समेत कई अमेरिकी प्रोडक्ट्स को टारगेट किया है।

### समानता अपनाए अमेरिका

चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने कहा, 'अगर अमेरिका वास्तव में बातचीत के जरिए मुद्दों को हल करना चाहता है, तो उसे समानता, सम्मान और पारस्परिक लाभ का रवैया अपनाना चाहिए।'

### अमेरिका से बातचीत कर रहा भारत : जयशंकर

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के जवाबी शुल्क का प्रभाव फिलहाल ज्ञात नहीं है और इस स्थिति से निपटने के लिए नई दिल्ली की रणनीति इस साल के अंत तक वाशिंगटन के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौता करना है। शुल्क को लेकर अमेरिकी नीति पर जयशंकर ने कहा कि भारत शायद एकमात्र देश है जो ट्रंप के दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद वाशिंगटन के साथ व्यापार सौदे को अंतिम रूप देने के लिए समझ कायम करने के स्तर तक पहुंच गया है। विदेश मंत्री ने भारत समेत लगभग पांच देशों के खिलाफ व्यापक शुल्क लागू होने के कुछ घंटों बाद यह टिप्पणी की है।

# मुंबई हमले का मास्टमाइंड राणा लाया जा रहा भारत

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** मुंबई हमले का मास्टरमाइंड तहव्वुर हुसैन राणा आखिरकार भारत लाया जा रहा है।



उसे स्पेशल विमान से भारत लाया जाएगा। राणा (64) पाक मूल का कनाडाई नागरिक है, जिसे नवंबर 2008 के मुंबई आतंकी हमलों से संबंधित आरोपों का सामना करने के लिए अमेरिका से भारत प्रत्यर्पित किया गया है। राणा को एनआईए की हिरासत में रखा जाएगा। इसके बाद उसे स्पेशल कोर्ट में पेश किया जाएगा। भारत से एजेंसियों की टीम अमेरिका पहुंच चुकी है।

# जींद में दो सगे भाइयों की हत्या गैस गोदाम के बाहर मारी गोली

दोहरे हत्याकांड से पहले हमलावरों में एक मृतक के बेटे की गाड़ी पर भी की थी फायरिंग

**जींद (हरिभूमि न्यूज)।** सफीदों रोड पर बीती देर रात जमीन विवाद को लेकर दो सगे भाइयों की कार सवार लोगों ने गोलियां मार कर हत्या कर दी। हमलावरों ने एक मृतक के बेटे की गाड़ी पर भी अंधाधुंध फायरिंग की, जिसमें युवक बाल-बाल बच गया। सिविल लाइन थाना पुलिस ने हमले में बाल-बाल बचे युवक की शिकायत पर दो लोगों को नामजद कर आधा दर्जन के खिलाफ हत्या, जानलेवा हमला करने, शस्त्र अधिनियम समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। गांव निर्जन निवासी सतीश और गांव के ही सुरेश के परिवार के बीच जमीन को लेकर विवाद था। बीती देर रात सतीश (55) और उसका छोटा भाई दिलबाग (45) सफीदों रोड स्थित अपनी गैस एजेंसी के गोदाम के बाहर बैठे थे।



मृतक दिलबाग




मृतक सतीश

तभी सुरेश बेटे मोहित अपने साथियों के साथ गाड़ियों में सवार होकर पहुंचा और दोनों भाइयों पर फायरिंग कर दी। दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें नागरिक अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। दोनों भाइयों को गोलियां मारने से कुछ समय पहले हमलावरों सुरेश उसके बेटे मोहित और अन्य ने सतीश के बेटे मोहित की कार पर भी फायरिंग की थी।


### रंजिश में हुआ हत्याकांड : थाना प्रभारी

सिविल लाइन थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच जमीन को लेकर विवाद चला आ रहा है। उसी रंजिश के चलते दोहरे हत्याकांड को अंजाम दिया गया है। फिलहाल दोनों लोगों को नामजद कर कुछ अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस टीमें आरोपितो की धर पकड के लिए छापेमारी कर रही है।

### बाजार का हाल



| मार्केट | बंद | गिरावट |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 73,847.15 | 379.93 ▼ |
| निफ्टी | 22,399.15 | 136.70 ▼ |



| धातु | कीमत | मंदी/तेजी |
|---|---|---|
| सोना | 90,200 /- | 1050/- ▼ |
| चांदी | 93,000/- | 500/- ▲ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | गिरावट |
|---|---|---|
| रुपया | 86.71 | 45 पैसे ▼ |
| क्रूड ऑयल 60.16/ बैरल | | 4.23% ▼ |

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।

### आईपीएल में आज



बेंगलुरू V/S दिल्ली कैपिटल
-: समय :-
7.30 PM
-: स्थान :-
बेंगलुरु

# गुरुग्राम की मेयर राज रानी ने चुनाव के लिए लिया फर्जी प्रमाण पत्रों का सहारा

अधिकारियों की मिलीभगत से एडीसी ने जारी किया पिछड़ा वर्ग ए जाति प्रमाण पत्र
■
मल्होत्रा खत्री जाति से हैं जो सामान्य वर्ग है, एडीसी पिछड़ा वर्ग-ए जाति प्रमाण पत्र जारी करने को अधिकृत नहीं
■
हाईकोर्ट ने मामले को गंभीर मानते हुए सरकार, मेयर व अन्य को नोटिस थमाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुग्राम

गुरुग्राम नगर निगम की मेयर राज रानी मल्होत्रा ने चुनाव लड़ने के लिए फर्जी प्रमाण पत्रों का सहारा लिया है। मल्होत्रा पर सामान्य श्रेणी होने के बावजूद पिछड़ा वर्ग-ए की जाति प्रमाण पत्र पर चुनाव लड़ने का आरोप है। खास बात यह है कि मल्होत्रा को पिछड़ा वर्ग-ए जाति प्रमाण 16 फरवरी को रविवार के दिन एडीसी ने जारी किया था। नियमों के अनुसार एडीसी ऐसे प्रमाण पत्र जारी करने के लिए अधिकृत नहीं हैं। इस मामले में पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने गंभीर रुख अपनाते हुए हरियाणा सरकार, राज रानी मल्होत्रा और अन्य प्रतिवादी पक्ष नोटिस जारी किया है। यह मामला एक जनहित याचिका के माध्यम से सामने आया है, जिसे यशपाल प्रजापति और अन्य ने दाखिल किया है। याचिका में मांग की गई है कि भाजपा की राज रानी मल्होत्रा और कांग्रेस प्रत्याशी सीमा पाहूजा को जारी की गई पिछड़ा वर्ग-ए की जाति प्रमाण पत्र को अवैध घोषित कर रद किया जाए, क्योंकि इन्हें कथित रूप से फर्जी और अवैध तरीके से जारी किया गया है।

**मंथन** गुजरात में कांग्रेस का 84वां अधिवेशन, भाजपा-आरएसएस को घेरा

राहुल गांधी बोले-भाजपा और आरएसएस छद्म राष्ट्रवाद वाले हैं, ये पूर्वाग्रह से ग्रस्त

# वक्फ बिल संविधान पर हमला अब इनके निशाने पर ईसाई

**अहमदाबाद (भाषा)।** गुजरात के अहमदाबाद में कांग्रेस के दो दिवसीय 84वें अधिवेशन का बुधवार को समापन हो गया। अधिवेशन में राहुल गांधी ने भाजपा और आरएसएस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा और आरएसएस छद्म राष्ट्रवाद वाले हैं जो पूर्वाग्रह से ग्रस्त हैं। राहुल ने कहा कि कुछ दिन पहले भाजपा सरकार ने लोकसभा में वक्फ संशोधन बिल पास किया। यह फ्रीडम ऑफ रिलीजन, संविधान पर आक्रमण है। अब इनके निशाने पर ईसाई हैं। आरएसएस के मुखपत्र ऑर्गनाइजर में लिखते हैं कि ईसाइयों पर पर आक्रमण करने जा रहे हैं। ये एंटी-रिलीजन बिल हैं। ये देश के सभी लोगों को मालूम होना चाहिए।

पेज 7 भी देखें

### अधिवेशन में पारित प्रस्ताव



पार्टी ने अधिवेशन में पारित प्रस्ताव में राष्ट्रवाद व कई अन्य बिंदुओं को लेकर भाजपा व आरएसएस को घेरा है। प्रस्ताव में कहा है, 'राष्ट्रवाद के मायने देश की भू-भागीय अखंडता तो हैं ही, पर इस महान भूभाग में रहने वाले लोगों का सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक सशक्तीकरण भी है।' कांग्रेस ने इस बात पर जोर दिया कि राष्ट्रवाद का अर्थ सभी देशवासियों के लिए समान न्याय की अवधारणा है, वंचितों-पीड़ितों-शोषितों के अधिकारों की रक्षा एवं उत्थान है, सद्भावना और भाईचारे की डोर में देश को बांधना है तथा भारत के बहुलतावादी और उदारवादी आचार, विचार और व्यवहार से है।

### थरूर ने अपनी ही पार्टी को दिखाया आइना

अधिवेशन में कांग्रेस नेता शशि थरूर ने अपनी ही पार्टी को आईना दिखाते हुए कांग्रेस को सलाह दी कि उसे रोष, अतीत और नकारात्मक आलोचना की नहीं, बल्कि आशा, भविष्य और सकारात्मक विमर्श वाली पार्टी होना चाहिए। उसे उन लोगों को वापस जोड़ने पर काम करना होगा, जो बीते 3 लोकसभा चुनावों में पार्टी से दूर रहे हैं। कांग्रेस को ऐसे मतदाताओं को साथ लाना होगा, जिनके चलते वह सत्ता में आती थी। थरूर ने कहा कि यदि इन लोगों को वापस लाया गया तो फिर पार्टी उस 19-20 पर्सेंट वाले आंकड़े से ऊपर उठेगी, जिसमें अब तक वह उलझी हुई है।



## खबर संक्षेप

### भगवान महावीर ने अहिंसा का संदेश दिया : दत्तात्रेय

**चंडीगढ़।** राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने महावीर जयंती के पावन अवसर पर हरियाणा और पूरे देश के लोगों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। दत्तात्रेय ने कहा कि महावीर जयंती एक पवित्र अवसर है, जो हमें भगवान महावीर की शाश्वत शिक्षाओं- अहिंसा, सत्य, करुणा और आत्म-अनुशासन की याद दिलाता है। शांति, सद्भाव और सार्वभौमिक भाईचारे का उनका दर्शन आज की दुनिया में बहुत प्रासंगिक है। राज्यपाल ने लोगों से अपने दैनिक जीवन में भगवान महावीर के आदर्शों और सिद्धांतों को आत्मसात करने और सहिष्णुता, आपसी सम्मान और नैतिक मूल्यों पर आधारित समाज के निर्माण में योगदान देने का आग्रह किया।

### मनोज कुमार गोयल निदेशक पदोन्नत

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने इकोनॉमिक एंड स्टेटिस्टिकल अफेयर्स विभाग के अतिरिक्त निदेशक मनोज कुमार गोयल को निदेशक के पद पर पदोन्नत किया है। ज्ञात रहे कि डॉ राजीव भारद्वाज 31 मार्च 2025 को निदेशक के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। उनकी सेवानिवृति के बाद ही मनोज कुमार गोयल को अतिरिक्त निदेशक के पद से निदेशक के पद पर पदोन्नत किया गया है।

### विधानसभा कर्मियों का प्रशिक्षण शिविर संपन्न

**पंचकूला।** पंचकूला के सेक्टर-25 स्थित हरियाणा लोक प्रशासन संस्थान के डिविजनल प्रशिक्षण केंद्र में बुधवार को हरियाणा विधान सभा के अधिकारियों और कर्मचारियों का प्रशिक्षण संपन्न हो गया। यह प्रशिक्षण विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण के प्रयास से एक अप्रैल को शुरू हुआ था।

### पेंशन में बढ़ोतरी करे सरकार : चौटाला

**चंडीगढ़।** जेजेपी प्रधान महासचिव दिग्विजय चौटाला ने बीते सवा साल में बुजुर्गों, विधवाओं और विकलांगों को मिलने वाली सामाजिक सुरक्षा पेंशन में कोई बढ़ोतरी न किए जाने पर राज्य सरकार की कड़ी आलोचना की है। दिग्विजय चौटाला ने कहा कि जननायक जनता पार्टी के सरकार में हिस्सेदार रहते हुए 4 साल तक हर वर्ष 250 रुपये पेंशन में बढ़वाए गए लेकिन जब से भाजपा अकेले सरकार चला रही है तब से पेंशन में एक रुपये की बढ़ोतरी भी नहीं की गई है। चौटाला ने हैरानी जताई कि बीते वर्ष मार्च में नई सरकार बनने, फिर अक्तूबर में भाजपा की दोबारा सरकार बनने, 2025 नव वर्ष, 2025-26 के बजट सत्र में भी पेंशन नहीं बढ़ाई।

## मुख्यमंत्री ने स्कूल, तकनीकी और उच्चतर शिक्षा विभाग के अधिकारियों की ली बैठक

# सरकारी स्कूलों में 15 तक मिलेंगी पुस्तकें, प्राइवेट स्कूल के बच्चे किसी भी शॉप से खरीद सकेंगे बुक

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

- शिक्षा बोर्ड की वेबसाइट पर पिछले 10 वर्षों के प्रश्न पत्र तथा मॉक टेस्ट किए जाएंगे अपलोड

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले सभी विद्यार्थियों को 15 अप्रैल तक पुस्तकें मिल जाएगी। साथ ही प्राइवेट विद्यालयों में पढ़ने वाले विद्यार्थी किसी भी बुक शॉप से अपनी पुस्तक खरीद सकते है वह किसी एक बुक शॉप से पुस्तक खरीदने के लिए बाध्य नहीं है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बुधवार यहां राष्ट्रीय शिक्षा नीति के कार्यान्वयन को लेकर स्कूल, तकनीकी और उच्चतर शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा भी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 के बजट भाषण में जो भी विषय आए है उन सभी विषयों को चिन्हित कर तीव्र गति से कार्य शुरू किया जाए। उन्होंने कहा कि हम सभी को मिलकर शिक्षा के स्तर में और अधिक सुधार कर शिक्षा के स्तर को ऊपर उठाना है।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि हरियाणा स्कूल शिक्षा बोर्ड की वेबसाइट पर बोर्ड कक्षाओं के पिछले 10 वर्षों के प्रश्न पत्र तथा मॉक टेस्ट अपलोड करें ताकि इससे विद्यार्थी अध्ययन करके लाभ उठा सकें। इसके साथ ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत बोर्ड की कक्षाओं के प्रश्न पत्रों में आवश्यक बदलाव करने के लिए कमेटी का गठन किया जाए।



चंडीगढ़। शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बैठक लेते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

### कॉलेज मॉडल संस्कृति महाविद्यालय के रूप में विकसित होंगे

मुख्यमंत्री को बताया गया कि प्रदेश के हर जिले में एक राजकीय महाविद्यालय को मॉडल संस्कृति महाविद्यालय के रूप में विकसित करने के लिए हर जिले में एक महाविद्यालय का चयन कर लिया गया है। इन आदर्श संस्कृति महाविद्यालयों में उत्कृष्ट शैक्षिक मानक, समर्पित शिक्षण सुविधाएं और विद्यार्थी-कल्याण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि प्रदेश में बन रहे नए महाविद्यालयों के भवन निर्माण में तेजी लाई जाए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, उच्चतर शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव विनीत गर्ग, युवा सशक्तिकरण एवं उद्यमिता विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव विजयेंद्र कुमार, स्कूल शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव पंकज अग्रवाल, मुख्यमंत्री के उप प्रधान सचिव यशपाल, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य अधिकारी भारत भूषण भारती व राज नेहरू, हरियाणा राज्य उच्चतर शिक्षा परिषद के चेयरमेन कैलाश चंद शर्मा, हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के चेयरमेन पवन कुमार सहित विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### छात्रों को इसरो, डीआरडीओ व भाभा अनुसंधान केंद्र का भ्रमण करवाएं : मुख्यमंत्री

उन्होंने बताया कि प्रदेश के विद्यार्थियों में गणितीय सोच को बढ़ावा देने के लिए 10वीं से 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए हरियाणा मैथ ओलंपियाड आयोजित करने तथा छठी से 12वीं कक्षा के मेधावी विद्यार्थियों को इसरो, डीआरडीओ तथा भाभा परमाणु अनुसंधान केन्द्र जैसे तकनीकी संस्थानों का भ्रमण करवाने के लिए जल्द ही एक रूप रेखा को तैयार किया जाए।

### स्कूलों की तर्ज पर उच्चतर शिक्षण संस्थानों की ट्रैकिंग के लिए पोर्टल बनाया जाए

उन्होंने ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिस तरह स्कूलों की ट्रैकिंग के लिए पोर्टल बनाया गया है। इसी तर्ज पर उच्चतर शिक्षण संस्थानों की ट्रैकिंग के लिए पोर्टल बनाया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के जिन महाविद्यालयों ने राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद के लिए आवेदन किया था और उनका आवेदन रद्द हो गया, तो ऐसे महाविद्यालयों की सूची बनाई जाए।

### शिक्षण संस्थानों में साफ-सफाई, हरियाली, रंग-रोगन, स्लोगन पर दिया जाए विशेष ध्यान, स्कूलों में कोई सीट खाली न रहें

मुख्यमंत्री ने कहा कि विद्यालयों में खेल व स्वच्छता विषयों पर अलग से कक्षाएं शुरू की जाए और विद्यालय स्तर पर स्वच्छता का कार्य किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि शिक्षण संस्थानों में साफ-सफाई, हरियाली, रंग-रोगन, स्लोगन आदि कार्यो का विशेष ध्यान दिया जाए ताकि विद्यार्थियों को यहां आने से प्रेरणा मिलें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आरटीई के तहत किसी भी स्कूल मे कोई भी सीट खाली न रहे, साथ ही उच्चतर शिक्षा के किसी भी संस्थान में कोई भी सीट खाली नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने प्रथम व द्वितीय श्रेणी के अधिकारियों को हर महीने एक दिन किसी न किसी राजकीय विद्यालय में जाकर समय लगाना अनिवार्य किया है और इसका एक प्लान तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति को प्रदेश में इस वर्ष पूर्ण रूप से लागू किया जाए। इसको लेकर युवाओं, विद्यार्थियों से चर्चा कर इस बारे में जागरूक करने का काम किया जाए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लेकर बच्चों को स्कूल स्तर से ही अधिक मजबूत करने का काम किया जाए। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर विद्यार्थी और शिक्षक अच्छा कार्य करेंगे तो उन्हें प्रोत्साहित भी किया जाएगा।

### सरकारी स्कूलों की स्थिति चिंताजनक : सैलजा

**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी



सैलजा ने कहा कि एक ओर प्रदेश सरकार नई शिक्षा नीति का गुणगान करने में लगी हुई है जबकि दूसरी ओर सरकारी विद्यालयों की ओर सरकार कोई ध्यान ही नहीं दे रही है और निजी स्कूलों को बढ़ावा देने में लगी हुई है। प्रदेश के सरकारी स्कूलों की स्थिति बेहद चिंताजनक बनी हुई है, प्रदेश के 37 स्कूलों में एक भी छात्र नहीं है जबकि 274 स्कूलों में बच्चों की संख्या दस से भी कम है।

### सुर्खियों में रहने के लिए सांसद जयप्रकाश कर रहे बयानबाजी : सैनी

**चंडीगढ़।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता एवं हरियाणा कॉन्फेड के चेयरमैन कर्मवीर सैनी ने बुधवार को हिसार से कांग्रेस के लोकसभा सांसद जयप्रकाश उर्फ जेपी पर बड़ा राजनीतिक हमला बोला है। कांग्रेस के सत्ता में आने का सपना चकनाचूर होने के बाद सांसद जेपी अब मात्र मीडिया की सुर्खियों में रहने के लिए अनाप-शनाप बयानबाजी कर रहे हैं। क्योंकि उनमें आज भी टेक्निकल जानकारी का अभाव है। इसका ताजा प्रमाण हिसार एयरपोर्ट को लेकर दिया गया उनका बयान है। जिसमें उन्होंने हिसार एयरपोर्ट को एरोड्रम बताते हुए जनता को गुमराह करने का असफल प्रयास किया।

## दुबई की शराफ ग्रुप ऑफ कंपनीज रेवाड़ी में परियोजना शुरू करेगी

- मेजर जनरल शराफुद्दीन शराफ ने मुख्यमंत्री सैनी से की मुलाकात
- विदेशी कंपनियों ने सरकार की ईज ऑफ डूइंग बिजनेस व्यवस्था में जताया विश्वास

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार की ईज ऑफ डूइंग बिजनेस व्यवस्था में विश्वास जताते हुए, दुबई स्थित प्रसिद्ध शराफ ग्रुप ऑफ कंपनीज प्रदेश में लॉजिस्टिक्स और रिटेल सेक्टर में अपनी तीसरी बड़ी परियोजना शुरू करने जा रही है। रेवाड़ी में स्थापित होने वाली यह परियोजना न केवल क्षेत्र में व्यापार गतिविधियों को बढ़ावा देगी बल्कि स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर भी प्रदान करेगी।

शराफ ग्रुप ऑफ कंपनीज के संस्थापक और यूएई-इंडिया बिजनेस काउंसिल चेयरमैन मेजर जनरल शराफुद्दीन शराफ ने आज यहां संत कबीर कुटीर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात की और हरियाणा में अपनी कंपनी के विस्तार करने में गहरी रुचि जताई।

उन्होंने मुख्यमंत्री को कुरुक्षेत्र जिले के धीरपुर गांव में एक नई परियोजना के उद्घाटन के लिए भी आमंत्रित किया। कंपनी ने पहले ही जिला पलवल में एक परियोजना स्थापित की है। उन्होंने मुख्यमंत्री को आश्वासन दिया कि हरियाणा के विदेश सहयोग विभाग की सहायता से, शराफ ग्रुप दुबई और अन्य देशों, जहां उनकी कंपनी है, में रोजगार के अवसर हासिल करने में हरियाणा के कुशल युवाओं का सहयोग करेगा। बैठक में हरियाणा के विदेश सहयोग विभाग के सलाहकार पवन चौधरी और हिंद टर्मिनल्स प्राइवेट लिमिटेड से कैप्टन अश्विनी नायर और शशि गुप्ता भी मौजूद थे।

### मुख्यमंत्री ने सहयोग का आश्वासन दिया

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मेजर जनरल शराफुद्दीन शराफ को हरियाणा में शराफ ग्रुप ऑफ कंपनीज की इकाइयां स्थापित करने के लिए राज्य सरकार के पूर्ण समर्थन और सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि राज्य में विदेशी व्यापार आवश्यकताओं की सहायता के लिए एक समर्पित विदेश सहयोग विभाग है।

## उपायुक्त हर शुक्रवार को समाधान शिविरों पर करेंगे समीक्षा बैठक : मुख्य सचिव

**चंडीगढ़।** मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने सभी उपायुक्तों को समाधान शिविरों के दौरान दर्ज शिकायतों की स्थिति की समीक्षा करने के लिए हर शुक्रवार को समीक्षा बैठकें आयोजित करने के निर्देश दिए हैं।जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए, प्रशासनिक सचिव स्तर का एक अधिकारी मुख्यमंत्री के डैशबोर्ड हॉल से इन जिला स्तरीय समीक्षा बैठकों की निगरानी करेगा।

मुख्य सचिव ने ये निर्देश बुधवार यहां समाधान शिविरों के कामकाज और रबी फसलों की खरीद प्रक्रिया की समीक्षा के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई बैठक में दिए। बैठक में मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरुण गुप्ता भी मौजूद रहे। गौरतलब है कि



जन शिकायतों के समाधान के उद्देश्य से पूरे प्रदेश में हर सोमवार और गुरुवार को सुबह दस से दोपहर बारह बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।रस्तोगी ने उपायुक्तों को यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि समाधान शिविरों में प्राप्त शिकायतों का नागरिकों की संतुष्टि के लिए शीघ्र समाधान किया जाए।

## स्वच्छ भारत मिशन को लागू करना हमारा मोटो : गोयल

**चंडीगढ़।** शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन को हरियाणा के शहरों में सही मायने में लागू करना उनका मोटो है। इसके लिए नगर निगमों, नगर परिषदों व नगर पालिकाओं में घर - घर से ठोस कचरा उठाने में लगी कंपनियों को कार्य करने के लिए बेहतर से बेहतर वातावरण प्रदान करवाया जाएगा। गोयल देशभर से बुलाई गई ठोस कचरा प्रबंधन कार्य करने वाली कंपनियों की बैठक को



संबोधित कर रहे थे। बैठक में गोवा, मुंबई, नासिक, पुणे, चेन्नई, दिल्ली नगर निगमों में कचरा प्रबंधन के कार्यों में लगी कंपनियों के प्रतिनिधियों ने प्रस्तुतिकरण दिया।

## हरियाणा को मिला बच्चों के आधार नामांकन में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राज्य का पुरस्कार

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार द्वारा सुशासन की दिशा में प्रयोग की जा रही टेक्नोलॉजी के लगातार सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। इसी कड़ी में नई दिल्ली में भारत सरकार के भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) द्वारा आयोजित आधार-संवाद कार्यक्रम में प्रदेश को बच्चों के आधार नामांकन में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राज्य श्रेणी के तहत हरियाणा को प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। कार्यक्रम का उद्घाटन केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री शअश्विनी वैष्णव ने किया था। हरियाणा की ओर से राज्य का प्रतिनिधित्व आईटी विभाग के विशेष सचिव राहुल नरवाल और क्रीड के प्रौद्योगिकी विशेषज्ञ कमलेश्वर केशरी ने किया। उन्होंने ₹आधार-संवाद₹ कार्यक्रम में प्रदेश सरकार द्वारा समग्र आधार पारिस्थितिकी तंत्र को सुचारू रूप से प्रबंधित करने के लिए अपनाई गई कई तकनीक को सांझा किया।

## हरियाणा सीड्स व पेस्टीसाइड्स एक्ट को दृढ़ता से लागू करें



**चंडीगढ़।** भारतीय किसान यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष रतनमान ने प्रदेश के व्यापारियों द्वारा हरियाणा सीड्स व पेस्टीसाइड्स एक्ट-2025 का विरोध किए जाने को अनैतिक और गैर कानूनी बताते हुए हरियाणा सरकार से इस एक्ट को दृढ़ता से अतिशीघ्र लागू किए जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि भारतीय किसान यूनियन इसके लिए सरकार के साथ है। इस बात का प्रमाण भी है कि इन व्यापारियों का एक बड़ा वर्ग, वर्षों से नकली बीज और कृषि रसायन (खाद, कीटनाशक आदि) के व्यापार से किसानों को सरेआम लूट रहे हैं जिससे खेती लागत में बेवजह बढौतरी और फसलों की औसत पैदावार में गिरावट दर्ज हो रही है जिसका सीधा नुकसान किसानों को हो रहा है।


हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका सीवन | एम.सी. सीवन वार्ड नं. 10 में सोनू के मकान से लीलू के मकान निकट अस्पताल रोड पर आईपीबी गली का निर्माण + 4 अन्य कार्य। | 08.04.2025 14.04.2025 | - | https://etenders.hry.nic.in | 9896110016 secy-siwan@ulbharyana.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/33750/I/88/6 दि. 09.04.25

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना


| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसएएमबी गुरूग्राम | पुन्हाना निर्वाचन क्षेत्र, जिला नूह में गांव लोहिंगा कलां से एआईएन चवाड़ी (आईडी नं. 1326), लोहिंगा कलां से नांगला जमालगढ़ आईडी नं. 7025 और लहरवाड़ी से केरला पुन्हाना (आईडी 7859) तक सम्पर्क सड़कों की विशेष मरम्मत, कार्य योजना 2025-26 + 7 कार्य। | 07.04.2025 22.04.2025 | 9.85 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 9416087474 xengurugram.hsamb@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/33751/I/88/6 दि. 09.04.25

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचपीजीसीएल | आरजीटीपीपी, खेदड़ (हिसार) में नेचुरल ड्राफ्ट कूलिंग टावर यूनिट-1 पर एफआरपी/जीआरपी सामग्री का उपयोग करते हुए टाप हैंड रेलिंग को बदलना। | 07.04.2025 29.04.2025 | 93.05 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7814688628 xencmd1.rgtpp@hpgcl.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/33748/I/88/6 दि. 09.04.25


भारत सरकार
वस्त्र मंत्रालय
विकास आयुक्त (हस्तशिल्प )कार्यालय
हस्तशिल्प पुरस्कार 2024

विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) कार्यालय असाधारण सिद्धहस्तशिल्पियों को उनके शिल्प की प्रगति एवं विकास की ओर उनके योगदान को पहचान देने के लिए, हस्तशिल्प क्षेत्र में सर्वोच्च, हस्तशिल्प पुरस्कार प्रदान करता है। वर्ष 2024 के हस्तशिल्प पुरस्कारों के लिए पात्र शिल्पियों से निम्नलिखित श्रेणियों के अनुसार आवेदन ऑनलाइन /ऑफ़लाइन आमंत्रित किए जाते हैं:

| पुरस्कार का नाम | श्रेणी | | पुरस्कारों की संख्या |
|---|---|---|---|
| शिल्प गुरु पुरस्कार | शिल्प श्रेणी | | 05 |
| | महिलाओं के लिए | | 01 |
| | कुल | | 06 |
| राष्ट्रीय पुरस्कार | | | |
| 1 | शिल्प श्रेणी | धातु पात्र | 01 |
| | | लकड़ी का कार्य | 01 |
| | | बेंत और बांस तथा वन-आधारित उत्पाद | 01 |
| | | पत्थर के पात्र | 01 |
| | | कुंभकारी, सेरेमिक और टेराकोटा | 01 |
| | | चित्रकारी | 01 |
| | | आभूषण और अर्द्ध-कीमती पत्थर | 01 |
| | | पेपर मशीन शिल्प और पेपर शिल्प | 01 |
| | | कलात्मक वस्त्र | 01 |
| | | हस्तनिर्मित कालीन/गलीचे/दरियाँ | 01 |
| | | खिलौने और गुड़िया, कठपुतली खेल, और पतंगें | 01 |
| | | विविध शिल्प | 01 |
| | | महिला कारीगर | 01 |
| | | 30 वर्ष से कम के युवा कारीगर | 01 |
| | | दिव्यांग कारीगर | 01 |
| | | लुप्तप्राय शिल्प | 01 |
| | | जनजातीय कारीगर | 01 |
| 2. | डिज़ाइन नवीनता | | 01 |
| 3. | स्टार्ट-अप उद्यम / उत्पादक कंपनी | | 01 |

2. पात्रता, आयु, अनुभव, आवेदन प्रपत्र आदि से संबंधित अधिक जानकारी विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) कार्यालय की वेबसाइट www.handicrafts.nic.in में 'विज्ञापन' पर क्लिक करने के उपरांत देखी एवं डाउनलोड की जा सकती है। आवेदक किसी भी प्रकार की सूचना सहायता के लिए नजदीकी हस्तशिल्प सेवा केन्द्रों से भी संपर्क कर सकते हैं।

3. विधिवत रूप से भरे और पूर्ण आवेदन प्रपत्रों को हस्तशिल्प प्रविष्टियों / वांछित दस्तावेजों सहित नजदीकी हस्तशिल्प सेवा केन्द्रों 12.05.2025 तक जमा करवा दें |

CBC 41103/11/0001/2526



हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प पानीपत | जिला पानीपत में बिलासपुर परिसर में यमुना नदी में 2024 की बाढ़ के बाद 5 अदद नये स्टोन स्टड्स और 300 फुट स्टोन रिवेटमेंट के निर्माण द्वारा संरक्षण कार्यों की आपूर्ति + 6 कार्य। | बंद होने की तिथि 15.04.2025 | 668.94 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466159501 xenpwsdiv@yahoo.in |
| 2 | लोनिवि भ व प हिसार | फतेहाबाद जिले में बुडलाडा रतिया फतेहाबाद भट्टू भादरा रोड राजस्थान बॉर्डर तक (एसएच-21) कि.मी. 32.00 से 97.51 रोड आईडी 5467, 5467, 5546 और 5534 (फतेहाबाद और रतिया निर्वाचन क्षेत्र) (रतिया फतेहाबाद से रोड) (आरडी 2 हेतु शेष सामग्री) + 2 कार्य। | 08.04.2025 15.04.2025 | 11.75 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प सोनीपत | जिला सोनीपत के राई निर्वाचन क्षेत्र के गांव खेवड़ा में प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र (पीएचसी) का निर्माण (सीएमए नं. 25587 दिनांक 04.09.2021)। | 08.04.2025 21.04.2025 | 480.14 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1302200575 pwd-eepd2-sonepat@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प पलवल | पलवल जिले में गांव बुराका, गांव लखनाका, गांव सपनकी और सपनकी में जीवीडी और गांव रूपराका में जीवीएच का निर्माण (ग्रुप-2) (नाबार्ड आरआईडीएफ-XXIX के तहत) (बिना जीएसटी)। | बंद होने की तिथि 15.04.2025 | 109.63 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466219169 pwd-eepd-palwal@hry.nic.in |
| 5 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा नारनौल | वर्ष 2024-25 हेतु महेन्द्रगढ़ क्षेत्र में बाढ़ योजना के तहत गांव बस्सई, आकोदा, खेड़ी और खेड़ा में एचडीपीई पाइप लाइन 315 वीएम आउटर डाया मीटर, 3 सीएस क्षमता वाले इलैक्ट्रिक पम्पिंग सैट, सहित एक्सकेवेटिंग ऑफ रिक्वायर्ड विड्थ ऑफ पाइप्स, केबल्स इत्यादि की आपूर्ति, बिछाना और फिक्सिंग + 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 16.04.2025 | 1192.67 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01252-251353 xen-wsmnrl.irr@gov.in |
| 6 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा करनाल | जलापूर्ति एमईसीएच. सब डिवीजन पानीपत में खुबरू हैड पर रेलिंग की आपूर्ति और फिक्सिंग। | 08.04.2025 15.04.2025 | ईएमडी 3910 | https://etenders.hry.nic.in | 99918312210 xen-wsmkrl.irr@gov.in |
| 7 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा पंचकूला | एचटी कपलिंग बोल्ट्स और नट्स, एम्पायर टेप कॉपर थिम्बल इत्यादि हार्डवेयर मदों की आपूर्ति। | 09.04.2025 23.04.2025 | 8.02 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1722582542 xenproc@gmail.com |
| 8 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रोहतक | नहरों के स्मूथ फ्लो हेतु पाकस्मा ड्रेन के आरडी 73500, 75500, 76000, 77000 और 77500 पर 5 अदद पाइप कल्वर्ट्स को आरसीसी बॉक्स कल्वर्ट में बदलना और कमजोर किनारों का मजबूतीकरण + 3 कार्य। | बंद होने की तिथि 15.04.2025 | 536.58 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812111077 xenwsdnrtk@gmail.com |
| 9 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा चरखी दादरी | लोहारू फीडर के आरडी 86000-आर पर एस्कैप रिजवर की क्षमता को बढ़ाना + 3 कार्य। | 08.04.2025 16.04.2025 | 903.23 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1250297003 xenlwsdadri@gmail.com |
| 10 | सिविल सर्जन सिरसा | जिला सिरसा में 2025-26 हेतु चिकित्सा / उपभोग्य और ऑर्थो इम्प्लांट हेतु ई-निविदा। | 11.04.2025 23.04.2025 | ईएमडी 50000 | https://etenders.hry.nic.in | 9416255807 cposirsa@gmail.com |
| 11 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | 1. लैब रेफ्रीजरेटर, 2. एयरकंडीशनर। | 10.04.2025 09.05.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 12 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | आईएसआई मार्कड 43 ग्रेड सामान्य सीमेंट और आईएसआई मार्कड ओजोलाना पोटलैंड सीमेंट की खरीद हेतु वार्षिक दर अनुबंध का प्रबंधन। | 10.04.2025 24.04.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 13 | पंचायती राज गन्नौर | गांव धसोली, ब्लॉक डिवीजन सोनीपत में शमशान घाट में बरामदे का निर्माण। | बंद होने की तिथि 16.04.2025 | 6.60 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7015771521 sdoprganaur1@gmail.co |
| 14 | बागवानी विभाग हरियाणा (हरियाणा प्रशिक्षण संस्थान उचानी करनाल) | एचटीआई करनाल में मेस की पुनः विज्ञापन सूचना के सम्बन्ध में ई-निविदा। | 26.03.2025 16.04.2025 | 1 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416057077 phtihort-hry@nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2026/280/33796/I/88/6 दि. 09.04.25




## गोहाना की घटना वारदात का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर भी प्रसारित किया गया

# बकाया 5 हजार मांगा शिक्षक ने तो पीट-पीट कर मौत के घाट उतारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

गांव कासंडी में निजी स्कूल के शिक्षक को रुपये के लेन-देन के चलते मौत के घाट उतार दिया। शिक्षक को गांव के जानकार से उधार के पांच हजार रलेने थे। पैसे मांगने की रंजिश में उसे डंडों से पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया। शिक्षक गांव खानपुर में जिम में अभ्यास करके गांव लौट रहे थे। रास्ते में घात लगाकर बैठे हमलावरों ने वारदात के अंजाम दिया। वारदात का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर डाला। पिता की शिकायत पर सदर थाना गोहाना में दो नामजद और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। गांव कासंडी के रामभज ने बताया कि उसका बेटा संदीप गांव के प्राइवेट स्कूल में गणित का शिक्षक था। संदीप ने कुछ दिन पहले क्रेडिट कार्ड से 35 हजार निकलवाकर गांव के पवन को दिए थे। उसने अगले ही दिन 30 हजार लौटा दिए थे। पवन बकाया पांच हजार देने को टालमटोल कर रहा था। उसका बेटा जब उसे बकाया रुपये देने को टोकता तो वह धमकी देने लगा था। मंगलवार रात लगभग नौ बजे संदीप गांव खानपुर कलां में जिम में प्रैक्टिस करके स्कूटी से गांव जा रहा था। जब वह गांव के निकट रजवाहा के पास पहुंचा तो दो बाइकों पर चार युवक आए और उसके बेटे को रोक लिया। उन्होंने संदीप को रोककर डंडों से बेरहमी से पीटा। हमलावरों ने वीडियो बनाया और इंस्टाग्राम आईडी पर प्रसारित किया।

### रोहतक पीजीआई में इलाज के दौरान तोड़ा दम


मृतक का फाइल चित्र।

गांव कासंडी के एक व्यक्ति ने गांव खानपुर कलां में दुकान कर रखी थी। जब वे दुकान बंद करके घर जा रहे थे तो रास्ते में संदीप पड़ा दिखा। उसे उठाकर गांव खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह राजकीय महिला मेडिकल कालेज ले जाया गया। तबीयत बिगड़ने पर उसे पीजीआई रोहतक ले जाया गया। वहां पर उसने दम तोड़ दिया। रामभज की शिकायत पर गांव कासंडी के पवन, प्रवीण व दो अन्य पर केस दर्ज किया गया। संदीप की 2015 में शादी हुई थी। 2022 में पत्नी से तलाक हो गया था। संदीप की 10 वर्ष की बेटी है जो उसके पास रहती है। बेटी को पढ़ाने और उसका खर्च उठाने के लिए वह प्राइवेट स्कूल में पढ़ता था।

### आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए दो टीमें बनाई गई

पिता की शिकायत पर दो नामजद व दो अन्य के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया गया। आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए दो टीमें बनाई गई हैं। जल्द आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। विभिन्न पहलुओं को लेकर जांच की जा रही है। -ऋषिकांत, एसीपी

# पुलिस चौकी पर विस्फोटक से हमले के मामले में दो के खिलाफ केस दर्ज

■ पुलिस ने पहले ग्रेनेड हमला की बात नकारी अब स्वीकारी. . .

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

पंजाब बॉर्डर से सटे गांव अजीमगढ़ में पुलिस चौकी पर विस्फोटक से हमले के मामले में गुहला थाना की पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। बता दें कि गत छह अप्रैल को अफवाह तो यह फैली थी कि चौकी पर ग्रेनेड से हमला किया गया है, लेकिन पुलिस ने इस मामले में विस्फोटक पदार्थ पाए जाने संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। इस संबंध में बब्बर खालसा ग्रुप से जुड़े आरोपी पचिया गोपी नवांशहरिया और मन्नू अगवान के खिलाफ केस दर्ज किया है

### पहले अफवाह बताया था

बता दें कि छह अप्रैल को चौकी पर ग्रेनेड हमले की खबर फैली थी। हालांकि पुलिस ने इसे महज अफवाह बताया था, लेकिन सूचना पर पुलिस प्रशासन सतर्क हो गया। सुबह करीब चार बजे बब्बर खालसा ग्रुप की ओर से सोशल मीडिया पर एक पोस्ट डाली गई, जिसमें हमले की जिम्मेदारी ली गई।

### पोस्ट में यह था लिखा

पोस्ट में लिखा गया, ह्लवाहेगुरु जी का खालसा, वाहेगुरु जी की फतेहङ्क आज सुबह करीब चार बजे जीनगढ़ चौकी (हरियाणा) में जो ग्रेनेड हमला हुआ, उसकी जिम्मेदारी मैं लेता हूं इन जालिमों को इसी तरह से जवाब दिया जाएगा। इसमें खालिस्तान की विचारधारा को लेकर भी भड़काऊ बातें लिखी गईं। चौकी का नाम भी जीनगढ़ लिखा गया। जानकारी के अनुसार सूचना पाकर पटियाला से पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे थे। कैथल पुलिस के अधिकारियों ने भी स्थिति की जानकारी हासिल की थी। डीएसपी सुशील प्रकाश ने बताया कि मामले में दो आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## जींद के सफीदों की घटना

# बस स्टैंड पर प्राइवेट बस ने युवक का पैर कुचला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों

■ नागरिक अस्पताल से गंभीरावस्था में पीजीआई रोहतक रेफर किया

नगर के बस स्टैंड पर प्राईवेट बस द्वारा वहां पर खड़े एक युवक का पैर कुचल दिया। इस घटना में युवक बुरी तरह से घायल हो गया। घायल की पहचान संदीप (40) निवासी गांव सिवानामाल के रूप मे हुई है। बस का चालक घायल संदीप को लेकर नागरिक अस्पताल सफीदों पहुंचा और उसे वहां पर दाखिल करवाया। जहां पर डाक्टरों ने युवक को प्राथमिक उपचार देकर गंभीरावस्था में पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया। मामले की सूचना पाकर डायल 112 पुलिस ने मौके का मुआयना किया। उपमंडल के गांव सिवानामाल का युवक संदीप (40) अपने भाई के साथ बस स्टैंड पर खड़ा था। वहां पर एक प्राईवेट बस ड्राईवर ने बस को एकदम से मोड़ा तो अगले पहिए के नीचे संदीप आ गया और उसका पैर बुरी तरह से कुचला गया।


एंबुलेंस में लेटा घायल संदीप।

### मची अफरातफरी

इस घटनाक्रम के होते ही बस स्टैंड परिसर पर अफरातफरी मच गई। दर्द से बुरी तरह से कहरा रहे लहुलुहान संदीप को बस का ड्राईवर उसे बस में लिटाकर नागरिक अस्पताल लेकर पहुंचा और उसे वहां पर दाखिल करवाया। जहां पर डाक्टरों ने उसकी गंभीरावस्था को देखते हुए उसे प्राथमिक उपचार देकर पीजीआई रेफर कर दिया। उधर घटना की जानकारी पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनाक्रम का जायजा लिया।

## चलती ईको गाड़ी में लगी आग, मचा हडकंप


जींद। जलती कार से उठता धुआं।

जींद। गांव रधाना के निकट बुधवार को उस समय हडकंप मच गया जब चलती ईको गाड़ी में अचानक से आग लग गई। किसी तरह चालक ने गाड़ी से कूद कर आग की सूचना आसपास लोगों तथा फायर ब्रिगेड को दी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड कर्मचारी मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। ईको गाड़ी की आग पास लगते खेतों में भी जा लगी। जिस पर तत्परता से काबू पा लिया गया। हालांकि यह पता नही चल पाया है कि ईको गाड़ी किसकी थी। अहतियात के तौर पर पुलिस ने दोनों तरफ से रास्ते को भी बंद करवा दिया। आग से ईको गाडी पूरी तरह से जल कर क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# रेलगाड़ी के आगे कूद युवक ने की आत्महत्या, 20 दिन बाद थी शादी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

गांव किलाजफरगढ़ के निकट बीती रात एक युवक ने रेलगाड़ी के आगे कूछ कर आत्महत्या कर ली। युवक अपने चाचा के लिए दवाई लेकर घर वापस लेट रहा था। युवक ने ट्रेन के आगे कूद कर सुसाइड क्यों किया, यह परिजनों की समझ से परे है। घटना की सूचना मिलने पर रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जींद के सामान्य अस्पताल में भिजवाया।

रेलवे थाना के जांच अधिकारी एएसआई गुरदेव सिंह ने बताया कि बीती रात करीब 11 बजे सामण गांव निवासी 26 वर्षीय रवि ने रेलगाड़ी के आगे कूद कर आत्मत्यया कर ली। इसकी सूचना स्टेशन मास्टर को दी गई। स्टेशन मास्टर ने इसकी सूचना जीआरपी जींद को दी।

### जांच में जुटी रेलवे पुलिस

एएसआई गुरूदेव ने बताया कि रवि की 29 अप्रैल को शादी होनी थी। जिस बाइक पर सवार होकर रवि रोहतक गया था। वह बाइक काफी तलाश के बावजूद भी नही मिल पाई है। उसकी पेंट की जेब से बाइक की चाबी, मोबाइल और 1100 रुपये की नगदी प्राप्त हुई है। जांच अधिकारी ने बताया कि परिजनों ने उसे बताया कि रवि की 29 अप्रैल को शादी होनी थी। किन कारणों से उसने आत्महत्या की, यह अभी तक पता नही चल पाया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया गया है।






# अगर ट्रंप दवाओं पर लगाएंगे टैरिफ तो भारतीय कंपनियां होंगी ज्यादा प्रभावित

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ये ऐलान किया है कि फार्मास्युटिकल्स पर उनका टैरिफ लगाने का लंबे समय से किया गया वादा जल्द पूरा होगा। बिना कोई अतिरिक्त जानकारी साझा किए हाउस रिपब्लिकन के लिए आयोजित फंड रेजिंग प्रोग्राम के दौरान ट्रंप ने कहा, 'हम जल्द ही बड़ा टैरिफ फार्मास्युटिकल्स पर कर लगाने जा रहे हैं।'

■ देश में दवाओं के अधिक उत्पादन के लिए टैरिफ लगाने का वादा बार-बार करते रहें

ट्रंप ने कहा कि अगर हम ऐसा करते हैं तो वे कंपनियां हमारे बाजार में वापस आ जाएंगी। ऐसा इसलिए क्योंकि हम बड़े बाजार हैं। ब्लूमबर्ग के अनुसार, राष्ट्रपति ट्रंप लंबे समये से घरेलू दवा उत्पादन की कमी पर अपना दुख जताते रहे हैं। ऐसे में देश में दवाओं के अधिक उत्पादन के लिए टैरिफ लगाने का वादा ट्रंप बार-बार करते रहे हैं।

### दवा कंपनियों पर लगेगा टैरिफ

मार्च में उन्होंने कहा था कि व्हाइट हाउस जल्दी ही फार्मास्युटिकल्स पर टैरिफ का ऐलान करेगा। इसके साथ ही उन्होंने ये संकेत दिया था कि अमेरिका लंबे समय तक इस क्षेत्र से बाहर नहीं रह पाएगा। उनकी ये टिप्पणी ऐसे वक्त पर की गई है जब ट्रंप की तरफ से दुनियाभर के देशों पर लगाए गए टैरिफ के चलते अमेरिकी समेत वैश्विक शेयर बाजार में कोहराम मचा हुआ है।

## ट्रंप लंबे समय से घरेलू दवा उत्पादन की कमी पर दुख जताते रहें

### भारतीय कंपनियों पर व्यापक असर होगा

अगर ट्रंप की तरफ से फार्मास्युटिकल्स पर टैरिफ का एलान किया जाता है तो इसका अमेरिका को निर्यात करने वाली भारतीय दवा कंपनियों पर व्यापक असर होगा। दवा क्षेत्र के एक्सपर्ट्स से बात करते हुए बताया, भारतीय दवा कंपनियों की तरफ से अमेरिका में अधिकतर जेनेरिक्स या फिर पॉपुलर दवाएं सस्ती में भेजी जाती है। इस पर इस वक्त न के बराबर सरचार्ज लगता है। जबकि भारत की तरफ से अमेरिका से एक्सपोर्ट हो रही दवाओं पर 10% का टैक्स लगाया जाता है।



*सन फार्मा ने 32 फीसदी बेचकर की थी कमाई : भारत की सबसे बड़ी दवा निर्माता कंपनी सन फार्मा पिछले वित्तीय वर्ष में अपनी कुल कमाई का 32% कमाई अमेरिका में बेचकर की थी। इसके अलावा, अन्य फर्म जैसे- डॉ. रेड्डी, अरबिन्दो फार्मा, जायडस लाइफसाइंस और ग्लेड फर्माका भी अमेरिका में काफी एक्सपोर्ट होता है।*

### कौन सी कंपनियां होंगी प्रभावित?

रायटर्स के मुताबिक, भारत के कुल दवा निर्यात का करीब एक तिहाई हिस्सा अमेरिका में एक्सपोर्ट की जाती है. मार्च 2024 में बेंगलुरू स्थित बायकॉन और मुंबई बेस्ड ल्यूपिन ने अमेरिका से 44% और 37% की कमाई की थी। हैदराबाद स्थित इंडियन मल्टीनेशनल फॉर्मास्युटिकल एंड बायोटेक्नोलॉजी कंपनी लारस लैब ने भी नॉर्थ अमेरिकी मार्केट से करीब 17% की कमाई की थी।

## रुपया 45 पैसे टूटकर 86.71 प्रति डॉलर

**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बुधवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में गिरावट जारी रही और यह 45 पैसे और टूटकर 86.71 प्रति डॉलर पर आ गया। वैश्विक स्तर पर शुल्क को लेकर तनाव बढ़ने से रुपये में गिरावट आई है। भारतीय रिजर्व बैंक ने वृद्धि को बढ़ावा देने के उपाय के तौर पर प्रमुख ब्याज दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती की है।

**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
**Vikas Gupta**
Additional Principal Jucge family Court, Karnal
**RENU**
**Vs.**
**VIKAS**
CNR No. HRKR01-012864-2023
HMA/1248/2023
Next Date : 05.05.2025
**PUBLICATION ISSUED TO :-**
**Vikas**
**Son of Sushil Kumar**
**Village Beer Badalwa Tehsil Nighdu Distt Karnal**
In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) **Vikas Son of Sushil Kumar Village Beer Badalwa Tehsil Nighdu Distt Karnal** could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) **Vikas Son of Sushil Kumar Village Beer Badalwa Tehsil Nighdu Distt Karnal** should appear in person or through counsel on **05.05.2025 at 10:00 a.m.**
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Karnal
Sd/- Vikas Gupta, Additional Principal Judge family Court, Karnal
Dated, this day of 05.04.2025

### आरबीआई की घोषणा के बाद बैंक अधिकारियों ने कहा

# रेपो दर में कमी अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने के लिए, छोटे उद्यमों को मिलेगा बढ़ावा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के रेपो दर में कटौती और मौद्रिक नीति के रुख को 'उदार' करने का निर्णय व्यापार युद्ध के बीच अर्थव्यवस्था को गति देने की दिशा में उठाया गया कदम है। इससे अन्य क्षेत्रों के अलावा सूक्ष्म, लघु व मझोले उद्यमों के लिए उधार लेने की लागत कम होने की उम्मीद है।

बैंक अधिकारियों ने बुधवार को यह कहा। इंडियन ओवरसीज बैंक (आईओबी) के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी अजय श्रीवास्तव ने कहा कि रेपा दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती का निर्णय व्यापार युद्ध के बढ़ते तनाव के बीच अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने की दिशा में एक सक्रिय कदम है।

### लगातार दूसरी कटौती

इस साल नीतिगत दर में लगातार दूसरी कटौती प्रमुख क्षेत्रों में विकास को प्रोत्साहित करने के लिए बैंकिंग क्षेत्र के हित को केंद्र में रखने का प्रमाण है।' उन्होंने कहा, ''सूक्ष्म, लघु व मझोले उद्यमों (एमएसएमई) के लिए इस कटौती से कर्ज की लागत कम होने की संभावना है, जिससे इस क्षेत्र की वृद्धि और नवोन्मेष करने की क्षमता बढ़ेगी।''

■ निर्णय व्यापार युद्धि के बीच अर्थव्यवस्था को गति देगा
■ एमएसएमई के लिए उधार लेने की लागत कम होने की उम्मीद
■ निर्णय वैश्विक अनिश्चितताओं के प्रति सहायक बना रहेगा



*नकदी प्रवाह में होगा सुधार : इस कदम से फायदा होगा क्योंकि इससे ऋण लागत कम होगी और नकदी प्रवाह में सुधार होगा, जो उभरते बाजार की गतिशीलता में सुधार और विकास के लिए महत्वपूर्ण है। एमएसएमई हमारे ऋण खंड का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है...इस कटौती से खासकर मझोले और छोटे शहरों (टियर दो और टियर तीन) में घर, वाहन और व्यक्तिगत ऋणों की मांग में तेजी आने की संभावना है।''*

*सह-ऋण ढ़ांच को व्यापक बनाया गया : शेट्टी ने कहा, ''विनियमन के मामले में, संकटग्रस्त परिसंपत्तियों के लिए बाजार आधारित प्रतिभूतिकरण ढांचा, स्वर्ण ऋण और गैर-निधि आधारित सुविधाओं पर नीति की समीक्षा समय पर की गई है। सह-ऋण ढांचे को व्यापक बनाने से सभी संबंधित पक्षों को अधिक विकल्प मिलेंगे।*

### बाजार के लिए अच्छे भविष्य का संकेत

सार्वजनिक क्षेत्र के भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के चेयरमैन सी एस शेट्टी ने कहा कि आरबीआई द्वारा ब्याज दरों में कटौती और रुख में संशोधन कर इसे 'उदार' बनाना एक त्वरित एवं समय पर उठाया गया कदम है तथा यह बाजार के लिए एक भविष्य का संकेत है, जिससे वह उभरती वैश्विक अनिश्चितताओं के प्रति सहायक बना रहेगा।

### भारत के जीडीपी में वृद्धि के संकेत

कुमार ने यह भी कहा कि इंडियन बैंक अपने ग्राहकों को तेजी से लाभ पहुंचाने के लिए पूरी तरह तैयार है, जिससे समावेशी ऋण वृद्धि सुनिश्चित हो सके। अप्रैल की ऋण नीति पर टिप्पणी करते हुए वित्तीय सेवा एवं परामर्श कंपनी ईवाई इंडिया के मुख्य नीति सलाहकार डी के श्रीवास्तव ने कहा कि आरबीआई की एमपीसी बैठक के निर्णय यह सुनिश्चित करते हुए भारत की जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि संभावनाओं की रक्षा करने की उसकी इच्छा का संकेत देते हैं।

### खुदरा मांग को समर्थन मिलेगा

इंडियन बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी बिनोद कुमार ने कहा, ''आरबीआई के इस कदम से एमएसएमई और खुदरा मांग दोनों को समर्थन मिलने की उम्मीद है। एमएसएमई क्षेत्र का भारत के सकल घरेलू उत्पाद में करीब 30 प्रतिशत और निर्यात में 40 प्रतिशत से अधिक का योगदान है।

## सोना 1,050 रुपए टूटकर 91,000 से नीचे फिसला, चांदी मजबूत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

स्टॉकिस्ट और खुदरा विक्रेताओं के कमजोर उठान के कारण बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 1,050 रुपये की गिरावट के साथ 90,200 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी है। पिछले बाजार बंद के समय 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 91,250 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,050 रुपये टूटकर 89,750 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया, जबकि मंगलवार को यह 90,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, चांदी की कीमत 500 रुपये बढ़कर 93,200 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। मंगलवार को सफेद धातु 92,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। इस बीच, विदेशी बाजारों में हाजिर सोना 61.98 डॉलर या 2.08 प्रतिशत बढ़कर 3,044.14 डॉलर प्रति औंस हो गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक-जिंस सौमिल गांधी ने कहा, ''पूरी तरह से वैश्विक व्यापार युद्ध की आशंकाओं के कारण विश्व अर्थव्यवस्था मंदी में चली गई।

### जियो फाइनेंस देगा शेयर म्यूचुअल फंड के बदले कर्ज

**नई दिल्ली।** जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लि. की गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी जियो फाइनेंस लि. ने प्रतिभूतियों के एवज में कर्ज देने के क्षेत्र में कदम रखा है। कंपनी ने कहा कि डीमैट खाते में रखे शेयर और म्यूचुअल फंड जैसे निवेश उत्पादों को गिरवी रखकर ग्राहक कर्ज ले सकेंगे।

**CORRIGENDUM**
**सिलाई केन्द्र में रिक्त पद हेतु आवेदन**
जिला बाल कल्याण परिषद, भिवानी द्वारा 29 मार्च 2025 को प्रकाशित समाचार पत्र में सिलाई केन्द्र में रिक्त पद हेतु आवेदन शीर्षक से प्रकाशित विज्ञापन में आवेदन जमा करवाने की अन्तिम तिथि 9-4-2025 से बढाकर 18-4-2025 तक कर दी गई है। अन्य शर्ते समान रहेगी।
- हस्ताक्षर-
जिला बाल कल्याण अधिकारी, भिवानी

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद नारनौल | वार्ड नं. 20 में धमीजा भवन से गोविन्द की दुकान तक आईपीबी रोड का निर्माण + 4 कार्य। | 08.04.2025 16.04.2025 | 38.71 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466427222 eemcnarnaul@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/33765/I/88/6 दि. 09.04.25

## रेपो दर में कटौती का शेयर बाजार को समर्थन नहीं, सेंसेक्स 380 अंक टूटा

**मुंबई।** बढ़ते व्यापार तनाव से वैश्विक बाजारों में आई गिरावट के बीच स्थानीय शेयर बाजार बुधवार को भारतीय रिजर्व बैंक की तरफ से प्रमुख नीतिगत दर में 0.25 प्रतिशत की एक और कटौती किए जाने के बावजूद नुकसान के साथ बंद हुए। सेंसेक्स करीब 380 अंक फिसल गया जबकि निफ्टी में 137 अंक की गिरावट रही। विश्लेषकों ने कहा कि रिजर्व बैंक के नीतिगत मोर्चे पर सकारात्मक कदम उठाने के बावजूद वैश्विक व्यापार चिंताएं बाजार पर हावी रहीं और निवेशकों ने बिकवाली को प्राथमिकता दी। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 379.93 अंक यानी 0.51 प्रतिशत गिरकर 73,847.15 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 554.02 अंक गिरकर 73,673.06 अंक के निचले स्तर तक फिसल गया था। निफ्टी भी 136.70 अंक यानी 0.61 प्रतिशत गिरकर 22,399.15 अंक पर आ गया। कारोबार के दौरान एक समय यह 182.6 अंक गिरकर 22,353.25 अंक पर आ गया था।

## बैंक ऑफ इंडिया व यूको बैंक ने घटाई ब्याज दर

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ इंडिया और यूको बैंक ने बुधवार को रेपो दर में कटौती किए जाने के कुछ घंटों के ही भीतर ऋण की दरों में 0.25 प्रतिशत अंकों की कटौती करने की घोषणा कर दी। सार्वजनिक क्षेत्र के इन बैंकों के इस फैसले से उनके मौजूदा और नए उधारकर्ताओं दोनों को फायदा होगा। अन्य बैंकों की तरफ से भी जल्द ही इसी तरह की घोषणा किए जाने की उम्मीद है। बैंक ऑफ इंडिया और यूको बैंक ने शेयर बाजारों को अलग-अलग दी गई सूचनाओं में कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की तरफ से अल्पकालिक ऋण दर (रेपो दर) में कटौती किए जाने के बाद ऋण दर में यह संशोधन किया गया है। कटौती के बाद बैंक ऑफ इंडिया की नई रेपो आधारित ऋण दर (आरबीएलआर) पहले के 9.10 प्रतिशत से घटकर 8.85 प्रतिशत हो गई है।

**सूचना**
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | यूएचबीवीएन | एसडीओ ओपी सब डिवीजन, यूएचबीवीएन मातनहेल हेतु 1 अदद वाहन जीप / बोलेरो जो पिछली साइड से खुली बॉडी और ड्राईवर सहित किराये पर लेना। | बंद होने की तिथि 15.04.2025 | 1. निविदा दस्तावेज शुल्क रु. 500/- (प्रत्येक) + जीएसटी 18% अप्रतिदेय, 2. ईएमडी राशि रु. 6000/- (प्रत्येक) प्रतिदेय | www.uhbvn.org.in NIT NO. [illegible] dated16.04.2025 | 9996667272 xenopberi@uhbvn.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/33767/I/88/6 दि. 09.04.25

## राशिफल

मेष: दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार की सुख-सुविधाओं के लिए खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

वृष: मन प्रसन्न तो रहेगा। परन्तु बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है।

मिथुन: व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

कर्क: परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। भाइयों से मतभेद हो सकते हैं। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

सिंह: संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी मित्र के सहयोग से सम्पत्ति में किया गया निवेश लाभप्रद रहेगा। मीठे खानपान में रुचि रहेगी।

कन्या: संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। कुटुम्ब की किसी बुजुर्ग महिला से धन मिल सकता है। लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे होंगे।

तुला: वाणी में मधुरता रहेगी। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। आय में वृद्धि होगी।

वृश्चिक: मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी।

धनु: क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। कारोबार में किसी मित्र के सहयोग से लाभ में वृद्धि होगी।

मकर: व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें।

कुंभ: आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा। परन्तु आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। धार्मिक आयोजनों में हिस्सा लेंगे।


मीन: मन प्रसन्न रहेगा। कर्मक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

## भारत ने बांग्लादेश के लिए पारगमन सुविधा की समाप्त

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार ने बांग्लादेश से बंदरगाहों और हवाई अड्डों के रास्ते में किसी तीसरे देश को निर्यात करने के लिए भारतीय भूमि सीमा शुल्क स्टेशनों का उपयोग करने की अनुमति देने वाली पारगमन सुविधा को समाप्त कर दिया है। एक सरकारी परिपत्र में यह जानकारी दी गई है। मुख्य रूप से परिधान क्षेत्र के भारतीय निर्यातकों ने पहले सरकार से पड़ोसी देश को दी गई यह सुविधा वापस लेने का आग्रह किया था। इस सुविधा ने भूटान, नेपाल और म्यांमा जैसे देशों में बांग्लादेश के निर्यात के लिए सुचारू व्यापार प्रवाह को सक्षम किया था। भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ (फियो) के महानिदेशक अजय सहाय ने कहा, ''अब हमारे पास अपने माल के लिए अधिक हवाई क्षमता होगी। पहले निर्यातकों ने बांग्लादेश को दी गई पारगमन सुविधा के कारण कम जगह की शिकायत की थी। एईपीसी के अध्यक्ष सुधीर सेखरी ने कहा था कि लगभग 20-30 ट्रक प्रतिदिन दिल्ली आते हैं, जिससे माल की सुचारू आवाजाही धीमी हो जाती है ।

## सरस्वती स्कॉलरशिप स्कीम पर कार्यशाला का आयोजन



नई दिल्ली । उच्च शिक्षा तक सबकी पहुंच बढ़ाने के त्रिए अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) की ओर से जीआईटीएएम डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी, विशाखापत्तनम में सरस्वती स्कॉलरशिप स्कीम और एआईसीटीई की अन्य वित्तीय योजनाओं पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य छात्रों, शैक्षिक पेशेवरों और संस्थानों को एआईसीटीई द्वारा प्रदान की जाने वाली विभिन्न वित्तीय सहायता योजनाओं से अवगत कराना था। कार्यशाला में छात्रों, शिक्षकों और प्रमुख हितधारकों ने भाग लिया। कार्यशाला में मुख्य रूप से सरस्वती स्कॉलरशिप योजना पर चर्चा की गई जो आर्थिक रूप से पिछड़ी पृष्ठभूमि से आने वाली प्रतिभाशाली छात्राओं को एआईसीटीई से अनुमोदन प्राप्त संस्थानों से बीबीए/बीसीए/बीएमएस जैसी डिग्रियाँ प्राप्त करने में सहायता प्रदान करती है। इसके अलावा परिषद द्वारा चलाई जा रही अन्य वित्तीय योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी गई जो नवाचार, कौशल विकास, संकाय विकास और तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में शोध को बढ़ावा देती हैं।

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका कलानौर | नगर पालिका कलानौर में सोसाइटी वाली गली निकट निगाना रोड का पुनर्निर्माण। | 08.04.2025 16.04.2025 | 11.77 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9802401200 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/33777/I/88/6 दि. 09.04.25

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय सोनीपत | रॉ मैटीरियल्स की आपूर्ति (खाद्य अथवा अखाद्य)। | 09.04.2025 23.04.2025 | 12 लाख | www.bpsmv.ac.in | 01263283602 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/33783/I/88/6 दि. 09.04.25

## शब्द पहेली - 5832




**बाएँ से दाए**
1. सरदार, अगुआ-4
5. जनमत, एक राय-4
9. पुराना जुकाम-3
10. चिंता, परवाह-3
12. पैंदा, तल्ला-2
14. ताल, सुर, आलाप-2
15. महोदय (अंग्रेजी-2)
16. लाडला, दुलारा-2
17. निवास करना-3
19. डोली उठाने वाले-3
21. नसीरुद्दीन शाह की फिल्म-3
22. तड़फाना-4
24. जल में रहनेवाला-4
25. दरियादिल, करुण-5
26. इराक की राजधानी-4
29. भेंट, पुरस्कार-4
33. पासों से भविष्य देखना-3
34. अश्ववाहक, घुड़सवार-3
36. चौकसी, रखवाली-3
37. हलक, कंठ-2
38. सदैव-2
39. लार -2
42. निश्चित-2
42. कालीन-3
43. बंदर, मर्कट-3
45. किसान-4
46. इस्लामी कैलेंडर का एक महीना -4

**ऊपर से नीचे**
2. क्रिकेट में बनते हैं-2
3. नगमा, गीत (उर्दू-3)
4. जो लायक न हो-4
5. अधिकारी, अफसर-4
6. राशिचक्र की एक राशि -3
7. झगड़ा, बैर-2
8. आदत, व्यवहार-4
11. शमशीर-4
13. तरंग, हिलोर-3
16. तृष्णा, लोभ-3
18. अमेरिका स्थित वेधशाला-2
20. जितेंद्र इस फिल्म में सात सवाल हल करते हैं -5
21. नीर, पानी-2
23. देवर्षि-3
24. ईर्ष्या, डाह-3
26. वटवृक्ष-4
27. जिसमें पौधे लगाते हैं-3
28. दलहन-2
30. मंत्र जाप-2
31. तसल्ली, आराम-3
32. भगवान विष्णु-4
34. धर्मशीलता-4
35. पैजामा-4
38. तमीज-3
40. साजन, प्रेमपात्र-3
42. पहरा, चौकसी-2
44. अवकाश-2

### शब्द पहेली- 5831 का हल





## आईपीएल : राजस्थान रॉयल्स 58 रन से हारा

# साई सुदर्शन का अर्धशतक, गुजरात टाइटन्स की लगातार चौथी जीत

भाषा ▶▶| अहमदाबाद

शानदार फॉर्म में चल रहे साई सुदर्शन (82 रन) के अर्धशतक के बाद प्रसिद्ध कृष्णा (24 रन देकर तीन विकेट) सहित अन्य गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से गुजरात टाइटन्स ने बुधवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में राजस्थान रॉयल्स को 58 रन से हराकर लगातार चौथी जीत हासिल की।

गुजरात टाइटन्स इस जीत से आठ अंक लेकर तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई। साई सुदर्शन की 53 गेंद में आठ चौके और तीन छक्के जड़ित पारी से गुजरात टाइटन्स छह विकेट पर 217 रन बनाने में सफल रही। साई सुदर्शन का यह इस सत्र का सर्वश्रेष्ठ स्कोर और तीसरा अर्धशतक है। गुजरात टाइटन्स के लिए जोस बटलर और एम शाहरूख खान ने 36-36 रन जबकि राहुल तेवतिया ने नाबाद 24 रन का योगदान दिया। इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजस्थान रॉयल्स को बल्लेबाजों के लचर प्रदर्शन का खामियाजा भुगतना



पड़ा। शिमरोन हेटमायर (52 रन) के अर्धशतक के बावजूद टीम 19.2 ओवर में 159 रन पर सिमट गई। उसके सिर्फ तीन बल्लेबाज दोहरे अंक तक पहुंच सके जिसमें हेटमायर के अलावा कप्तान संजू सैमसन ने 41 रन और रियान पराग ने 26 रन बनाए। गुजरात टाइटन्स के लिए प्रसिद्ध कृष्णा ने सैमसन की पारी का अंत किया जो आक्रामक होकर खेल रहे थे। उन्होंने 24 रन देकर तीन विकेट हासिल किए। राशिद खान ने अच्छी गेंदबाजी करते हुए अपने चार ओवर में 37 रन देकर दो विकेट हासिल किए। साई किशोर ने 2.2 ओवर में 20 रन देकर दो विकेट जबकि मोहम्मद सिराज, अरशद खान और कुलवंत खेजरोलिया ने एक एक विकेट प्राप्त किया। राजस्थान रॉयल्स ने यशस्वी जायसवाल (06) और नीतिश राणा (01) के विकेट जल्दी गंवा दिए। पर सैमसन और पराग ने मिलकर तीसरे विकेट के लिए 26 गेंद में 48 रन जोड़कर दबाव बनाने की कोशिश की। लेकिन दोनों बड़ी पारी नहीं खेल सके और विकेट गंवा बैठे। फिर हेटमायर ने चार चौके और तीन छक्के जड़ित 32 गेंद की पारी खेली, पर उनके अलावा कोई अन्य बल्लेबाज टिककर नहीं खेल सका। इससे पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद कप्तान शुभमन गिल (02) के जोफ्रा आर्चर की इनस्विंगर गेंद पर सस्ते में आउट होने के बाद सुदर्शन और बटलर ने दूसरे विकेट के लिए 47 गेंद में 80 रन की भागीदारी निभाकर अच्छे स्कोर की नींव रखी।

### विराट और स्टार्क के बीच चिन्नास्वामी स्टेडियम में आज होगा महामुकाबला

**बेंगलुरु।** शानदार फॉर्म में चल रही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का सामना गुरुवार को आईपीएल के मैच में दिल्ली कैपिटल्स से होगा तो सभी की नजरें विराट कोहली और मिचेल स्टार्क की टक्कर पर लगी होंगी। दिल्ली ने अब तक तीनों मैच जीते हैं जबकि आरसीबी ने चार में से तीन मैच में जीत दर्ज की है। दोनों टीमें हालात और विरोधी टीम के अनुकूल खुद को ढालने में कामयाब रहीं हैं। विराट के फॉर्म में आने से मेजबान टीम के हौसले बुलंद है। छत्तीस वर्ष के विराट को हालांकि आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क और बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव से पार पाना होगा। कोहली ने स्टार्क के खिलाफ टी20 क्रिकेट में 31 गेंद में 72 रन बनाए हैं लेकिन इस सत्र में स्टार्क तीन मैचों में 11 की औसत से नौ विकेट ले चुके हैं। पावरप्ले में स्टार्क और कोहली की भिड़ंत पर बहुत कुछ निर्भर करेगा। इसके बाद कुलदीप से सामना होगा जो छह की इकॉनॉमी रेट से छह विकेट ले चुके हैं। वैसे टी20 क्रिकेट में स्पिनरों के खिलाफ ऊंचे और स्वीप शॉट खेलने की अपनी कमजोरी से पार पा चुके कोहली काफी उम्दा प्रदर्शन कर रहे हैं।

## तिलक के बाद कॉन्वे... सेट बल्लेबाज छोड़ रहे मैदान, 'रिटायर्ड आउट' नियम पर उठे सवाल

**नई दिल्ली।** आईपीएल के 18वें सत्र में एक नए नियम को लेकर दिग्गजों ने सवाल उठाए हैं। नए नियम के तहत पहले से सेट बल्लेबाज मैदान छोड़ रहे हैं। वो खुद ही 'रटायर्ड आउट' होकर मैदान से बाहर जा रहे हैं। लखनऊ सुपर जायंट्स और मुंबई इंडियंस के बीच 4 अप्रैल को हुए इस मुकाबले तलिक वर्मा रिटायॅर्ड आउट हुए। वहीं 8 अप्रैल को पंजाब किंग्स और चेन्नई सुपर किंग्स के मुकाबले में डेवोन कॉन्वे रिटायर्ड आउट होकर पवेलियन की ओर लौट गए। इन दोनों ही फैसलों के बाद क्रिकेट विश्लेषकों, पूर्व क्रिकेटर्स और कमेंटेटर्स ने सवाल उठाए। वहीं इस पूरे मसले से एक सवाल यह भी उठ रहा है कि जो बल्लेबाज पहले से सेट है, उसकी जगह कोई दूसरा खिलाड़ी आएगा तो इस बात की क्या गारंटी है, वो तेजी से ही रन बनाएगा।

## ब्राजील ने 10 साल बाद अमेरिकी महिला टीम को पहली बार हराया

एजेंसी ▶▶| सैन जोस

अमांडा गुटिएरेस के स्टॉपेज समय में किए गोल की मदद से ब्राजील की महिला फुटबॉल टीम ने मंगलवार को दूसरे प्रदर्शन मैच में पेरिस ओलंपिक की स्वर्ण पदक विजेता अमेरिका को 2-1 से हराया। ब्राजील महिला टीम की यह 2014 के बाद अमेरिका पर पहली जीत है। इससे पहले शुरुआती प्रदर्शनी मैच में अमेरिका ने ब्राजील पर 1-0 की जीत दर्ज की थी।

कैटरीना मैकेरियो ने मैच के शुरू होने के 34वें सेकंड में ही गोल कर अमेरिका को शानदार शुरुआत दिलायी। उन्होंने एलिसा थॉम्पसन से मिली पास पर अपना चौथा मैच खेल रही ब्राजील की गोलकीपर नताशा को आसानी से चकमा देकर अंतरराष्ट्रीय करियर का 10वां गोल किया। ब्राजील ने कैरोलिना के गोल से मैच के 24वें मिनट में बराबरी हासिल कर ली। यह मुकाबला बराबरी की तरफ बढ़ रहा था लेकिन अमांडा ने आखिरी क्षणों



(90 + 5 मिनट) में गोल कर टीम को 14 दिसंबर 2014 के बाद पहली बार अमेरिका के खिलाफ जीत पक्की कर दी। यह दक्षिण अमेरिकी फुटबॉल परिसंघ में शामिल किसी देश की अमेरिका के खिलाफ उसकी घरेलू सरजमीं पर पहली जीत है।

निशानेबाजी

## विजयवीर ने विश्व कप में भारत को दिलाया चौथा स्वर्ण पदक



एजेंसी ▶▶| ब्यूनस आयर्स

पेरिस ओलंपिक में भाग ले चुके विजयवीर सिद्धू ने यहां पुरुषों की 25 मीटर रैपिड-फायर पिस्टल स्पर्धा में बुधवार को यहां शीर्ष स्थान हासिल कर आईएसएसएफ विश्व कप में भारत को चौथा स्वर्ण पदक दिलाया।

विजयवीर ने कम स्कोर वाले लेकिन रोमांचक फाइनल में 29 अंक हासिल किए। उन्होंने इटली के अनुभवी रिकार्डो माजेटी को पीछे छोड़ा। माजेटी पांच रैपिड-फायर की आठ सीरीज के बाद एक अंक से चूक गए। चीन के 19 साल के निशानेबाज यांग युहाओ ने कांस्य पदक जीता। विजयवीर ने स्वर्ण पदक जीतने के बाद कहा, 'मैंने गुरप्रीत सर, अनीश और अन्य लोगों के साथ पहले भी कई फाइनल खेले हैं। इसमें राष्ट्रीय, ट्रायल आदि शामिल हैं और मैंने इन सब में अच्छा प्रदर्शन किया है। इसलिए आज मैंने खुद से कहा कि मुझे वही करना है जो मैं वहां करता हूं। यानी मुझे यह महसूस करना है कि मैं यहां भी दिल्ली जैसा प्रदर्शन कर सकता हूं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि मैं वैसा ही महसूस करूं। मेरा ध्यान उन चीजों को नियंत्रित करना था जो मेरी पहुंच में है और यह काम कर गया।' इससे पहले मंगलवार को सुरुचि इंदर सिंह ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। भारत के अब चार स्वर्ण सहित छह पदक हो गए हैं।

### 20 में से 14 निशाने लगाकर की मजबूत शुरुआत

माजेटी ने तेज हवाओं के बीच पहले 20 में से 14 निशाने लगाकर मजबूत शुरुआत की, जबकि विजयवीर पहले एलिमिनेशन चरण में एक अंक से पीछे थे, जिसके बाद सेमिनिखिन पहले ही बाहर हो गए। भारतीय खिलाड़ी के लिए पहली सीरीज मुश्किल रही थी। उन्होंने इनमें सिर्फ एक सटीक निशाना लगाया। उन्होंने इसके बाद सेंटर के करीब तीन निशाने लगाए और पांचवीं सीरीज में सटीक निशाने के साथ बढ़त कायम कर ली। विजयवीर ने छठी सीरीज में इटली की खिलाड़ी की बराबरी की। इसके साथ ही दोंनो खिलाड़ियों का पदक पक्का हो गया। विजयवीर और माजेटी ने सातवें चरण में भी बराबर निशाने लगाए। आठवीं और आखिरी सीरीज में माजेटी ने तीन सही निशाने लगाए जबकि विजयवीर ने चार निशाने के साथ आईएसएसएफ विश्व कप में अपना पहला पदक पक्का किया।

## सिंधू जीती, लक्ष्य और प्रणय बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप के पहले दौर में हारे

**निंगबो (चीन)।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने बुधवार को यहां इंडोनेशिया की ईस्टर नुरुमी वारडोयो को सीधे गेम में हराकर बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप के दूसरे दौर में जगह बनाई लेकिन लक्ष्य सेन पुरुष एकल के पहले दौर में हारकर बाहर हो गए। दुनिया की 17वें नंबर की खिलाड़ी 29 वर्षीय सिंधू ने



36वें नंबर की खिलाड़ी वारडोयो को 44 मिनट में 21-15 21-19 से हराया। सिंधू बृहस्पतिवार को प्री क्वार्टर फाइनल में दुनिया की चौथे नंबर की खिलाड़ी और तीसरी वरीय जापान की अकाने यामागुची से भिड़ेंगी। इस बीच विश्व चैंपियनशिप 2021 के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य को पहले दौर में ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के उप विजेता चीनी ताइपे के ली चिया हाओ के खिलाफ सीधे गेम में 18-21 10-21 से हार का सामना करना पड़ा। एचएस प्रणय को भी पुरुष एकल के पहले दौर में चीन के झू गुआंग ल्यु के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। चिकनगुनिया से पीड़ित होने के बाद लय हासिल करने के लिए जूझ रहे प्रणय को चीन के अपने प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ एक घंटा और आठ मिनट चले मुकाबले में 16-21 21-12 11-21 से हार झेलनी पड़ी। किरण जॉर्ज ने हालांकि कजाखस्तान के दमित्री पनारिन को 35 मिनट में 21-16, 21-8 से हराकर प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। महिला एकल में आकर्षी कश्यप और अनुपमा उपाध्याय भी अपने मुकाबले हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। आकर्षी को दुनिया की तीसरे नंबर की खिलाड़ी चीन की हेन युई के खिलाफ 31 मिनट में 13-21 7-21 से हार झेलनी पड़ी।

### बीएफआई मामलों के लिए अंतरिम समिति गठित

**नई दिल्ली।** विश्व मुक्केबाजी ने भारतीय मुक्केबाजी महासंघ के मामलों की देखरेख के लिए एक अंतरिम समिति का गठन किया है, ताकि प्रशासनिक निरंतरता और घरेलू तथा अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं का प्रबंधन सुनिश्चित किया जा सके। विश्व मुक्केबाजी के अध्यक्ष बोरिस वान डेर वोर्स्ट ने बीएफआई के अध्यक्ष अजय सिंह को पत्र लिखकर छह सदस्यीय समिति की नियुक्ति की जानकारी दी है। अजय सिंह समिति की अध्यक्षता करेंगे। वह इस पद पर '90 दिनों से अधिक की अवधि के लिए नहीं रहेंगे'। छह सदस्यीय समिति में बीएफआई के उपाध्यक्ष नरेंद्र कुमार निरवान, कार्यकारी निदेशक अरुण मलिक और ओलंपियन एल सरिता देवी शामिल हैं।



## चिंतन

# रेपो दर में दूसरी कटौती से अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी

एक तरफ जहां वैश्विक अर्थव्यवस्था में टैरिफ वार की दहशत है, अमेरिका के जवाबी शुल्क के साथ आयात पर नए टैरिफ के 9 अप्रैल से प्रभावी होने व चीन के साथ टैरिफ युद्ध के बाद से विश्व स्तर पर आपूर्ति संतुलन के चरमराने का खतरा पैदा हो गया है, वहीं भारत ने इस विषम वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में घरेलू खपत को मजबूत करने की दिशा में कदम बढ़ाया है। भारत के खिलाफ भी अमेरिका के जवाबी शुल्क व आयात पर नए टैरिफ दर को लेकर पैदा हुई चिंता के बीच भारतीय रिजर्व बैंक ने अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के मकसद से बुधवार को लगातार दूसरी बार प्रमुख ब्याज दर रेपो को 0.25 प्रतिशत घटाकर 6 प्रतिशत कर दिया। इससे पहले इस साल फरवरी में मौद्रिक नीति समीक्षा में रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती कर 6.25 प्रतिशत किया गया था। यह मई, 2020 के बाद पहली कटौती और ढाई साल के बाद पहला संशोधन था। मुद्रास्फीति में कमी और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के बीच इस कदम से नवंबर, 2022 के बाद से कर्ज की लागत सबसे कम स्तर पर आ गई है। रेपो रेट में कटौती से उद्योग जगत व उपभोक्ता दोनों को फायदा होगा। उद्योग को कर्ज सस्ते में मिलेंगे, इससे निवेश प्रवाह बढ़ेगा। ब्याज घटने से होम, ऑटो और अन्य तरह के कंज्यूमर लोन भी सस्ते होंगे, जिससे खपत बढ़ाने में मदद मिलेगी। हाल के महीनों में सरकार ने घरेलू खपत बढ़ाने के कई उपाय किए हैं। जिनमें बजट में आयकर छूट सीमा बढ़ाने व कॉरपोरेट कर में कमी जैसी कई योजना के साथ महंगाई भत्ता में बढ़ोत्तरी व आठवें वेतन आयोग का ऐलान व शामिल हैं। रिजर्व बैंक ने फरवरी के बाद अप्रैल में भी चौथाई फीसदी की कटौती कर तीन महीने में नीतिगत ब्याज दर रेपो रेट में आधा फीसदी की कटौती कर दी है। अब रेपो रेट 6 फीसदी हो गया है। केंद्रीय बैंक ने आगे भी कटौती का संकेत दिया है। यह मौके पर उठाया गया सही आर्थिक कदम है। इसी के साथ सरकार को नए निवेश करने होंगे और अपने योजनागत खर्च बढ़ाने होंगे, जिससे घरेलू खपत व आर्थिक गतिविधियों में तेजी आए। भारत के पास वैश्विक आपूर्ति सिस्टम में भी भरपूर अवसर है, लेकिन इसके लिए प्रतिस्पर्धात्मक रहना जरूरी है। रिजर्व बैंक ने जीडीपी दर का अनुमान भी 6.7 फीसदी से घटा कर 6.5 फीसदी कर दिया है, इससे साफ है कि इस वर्ष भी भारतीय अर्थव्यवस्था सुस्ती की जद में रहेगी। पिछले दो तिमाही से भारतीय जीडीपी की चाल मंथर है, जो राष्ट्र के ग्रोथ व विकसित भारत के लक्ष्य के लिए माफिक नहीं है। निजी व सरकारी नए निवेश व सार्वजनिक खर्च बढ़ाने होंगे, आम लोगों को टैक्स राहत देनी होगी, अप्रत्यक्ष टैक्सेशन को और सरल बनाना होगा, कच्चे तेल के सस्ता होने के अनुरूप पेट्रोल व डीजल पर करों में कटौती करनी होगी, तभी घरेलू अर्थव्यवस्था गति पकड़ेगी। जीएसटी व पेट्रोलियम पर उच्च टैक्स दर के भरोसे राजस्व हासिल करने की प्रवृत्ति से बाहर निकलना होगा और इसे तर्कसंगत बनाना होगा। आयात पर निर्भरता कम करनी होगी व निर्यात के लिए नए बाजार देखने होंगे। अमेरिका को निर्यात किए जाने वाले भारतीय उत्पादों पर 26 प्रतिशत का अतिरिक्त शुल्क लागू होने से वृद्धि और मुद्रास्फीति को लेकर अनिश्चितताएं बढ़ी हैं। डॉलर कमजोर हुआ है, बॉन्ड वैल्यू में नरमी आई है, स्टॉक मार्केट बेहाल है, कच्चे तेल तीन साल के निचले स्तर पर हैं। ऐसे में रिजर्व बैंक का 'रेपो कदम' भारतीय अर्थव्यवस्था को गति देगा। आरबीआई का रेपो दर घटाने का निर्णय आर्थिक वृद्धि को समर्थन देने का रणनीतिक कदम है।



**दिवस विशेष**
डा. अदिति अरुण

# होम्योपैथी भी सुरक्षित चिकित्सा विकल्प

> ऑटोइम्यून डिसॉर्डर्स, जीवनशैली के लाइलाज कहे जाने वाले रोग, मानसिक बीमारियां, चर्मरोग, जोड़ों के रोग, पेट संबंधी बीमारियां, आदि में होम्योपैथी ने भरोसेमंद इलाज के कई नए आयाम जोड़ दिए हैं। आधुनिक रोगों में होम्योपैथी की सीमा के बावजूद आधुनिक चिकित्सा अपने सामने किसी दूसरी चिकित्सा पद्धति को विकसित होते नहीं देख पा रही है। आधुनिक चिकित्सा की इसी सुपरमेसी का शिकार होम्योपैथी के समक्ष अनेक लाइलाज और जटिल रोगों की चुनौतियां भी हैं। सन् 2017 में अमेरिका में हुए 'नेशनल हेल्थ इंटरव्यू सर्वे' में पाया गया कि लोग तेज़ी से होम्योपैथिक चिकित्सा को सुरक्षित चिकित्सा विकल्प के रूप में स्वीकार करने लगे हैं।

होम्योपैथी के लिए 10 अप्रैल का दिन बेहद ख़ास है। इस वर्ष तो होम्योपैथी के आविष्कारक डॉ. सैमुएल हैनिमैन की 270वीं जयन्ती भी है। दुनिया आज के दिन को "विश्व होम्योपैथिक दिवस" के रूप में मनाती है। इस विशेष दिवस के बहाने मैं होम्योपैथी के प्रशंसकों को यह बताना चाहती हूँ कि वैश्विक स्वास्थ्य की चुनौतियों के मद्देनज़र होम्योपैथी में उपचार का दायरा अब उन रोगों तक पहुंच चुका है जिसे दुनिया में आज भी लाइलाज बताया जा रहा है। ऑटोइम्यून डिसॉर्डर्स, जीवनशैली के लाइलाज कहे जाने वाले रोग, मानसिक बीमारियां, चर्मरोग, जोड़ों के रोग, पेट संबंधी बीमारियां, आदि में होम्योपैथी ने भरोसेमंद इलाज के कई नए आयाम जोड़ दिए हैं।

कहते हैं विज्ञान और तकनीक में आपसी प्रतिस्पर्धा की हद बेहद ख़तरनाक होती है। आधुनिक रोगों में होम्योपैथी की सीमा के बावजूद आधुनिक चिकित्सा पद्धति अपने सामने किसी दूसरी चिकित्सा पद्धति को विकसित होते नहीं देख पा रही है। आधुनिक चिकित्सा की इस सुपरमेसी का शिकार होम्योपैथी के समक्ष अनेक लाइलाज और जटिल रोगों की चुनौतियां भी हैं। सन् 2017 में अमेरिका में हुए 'नेशनल हेल्थ इंटरव्यू सर्वे' में पाया गया कि लोग तेज़ी से होम्योपैथिक चिकित्सा को सुरक्षित चिकित्सा विकल्प के रूप में स्वीकार करने लगे हैं। उस वर्ष अमेरिका में 39 लाख वयस्क तथा 9 लाख बच्चों ने होम्योपैथिक चिकित्सा ली। होम्योपैथी एक ऐसी चिकित्सा विधि है जो शुरू से ही चर्चित, रोचक और आशावादी पहलुओं के साथ विकसित हुई है। सन् 1810 में इसे जर्मन यात्री और मिशनरीज़ अपने साथ लेकर भारत आए। फिर तो इन छोटी मीठी गोलियां ने भारतीयों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचा कर अपना सिक्का ज़माना शुरू कर दिया। सन् 1839 में पंजाब के महाराजा रणजीत सिंह की गंभीर बीमारी के इलाज के लिए फ्रांस के होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. जॉन मार्टीन होनिंगबर्गर भारत आए थे। डॉ. होनिंगबर्गर के उपचार से महाराज को बहुत लाभ मिला था। बाद में 1849 में पंजाब पर जब सर हेनरी लारेंस का क़ब्ज़ा हुआ तब डॉ. होनिंगबर्गर अपने देश लौट गए। सन् 1951 में एक अन्य विदेशी चिकित्सक जॉन हंटर लिटर ने कलकत्ता में एक होम्योपैथिक चिकित्सालय की स्थापना की। सन् 1881 में कलकत्ता में पहले होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज की स्थापना की। होम्योपैथिक चिकित्सा और उपचार का दायरा अब काफ़ी बढ़ चुका है। बहुत से ऐसे सर्जिकल रोग हैं जिसमें एलोपैथी सर्ज़री की ज़रूरत पड़ती है लेकिन होम्योपैथिक दवाओं से इन रोगों में भी अच्छा लाभ मिल रहा है। उदाहरण के लिए किडनी या गॉल ब्लैडर की पथरी, हर्निया ट्यूमर, पाइल्स, मस्से आदि रोगों में होम्योपैथी अच्छा उपचार दे रही है। होम्योपैथी को आप भविष्य की एक मुकम्मल चिकित्सा पद्धति भी कह सकते हैं। जीवनशैली से जुड़े रोग, ऑटोइम्यून डिसऑर्डर्स एवं लाइलाज बता दिए गए रोगों में तो होम्योपैथी बेहतर सिद्ध हो रही है। होम्योपैथी में भविष्य की स्वास्थ्य चुनौतियों से निबटने की पूरी क्षमता है। लेकिन स्वास्थ्य संकट की गंभीरता और रोगों की जटिलता के मद्देनज़र यह भी ज़रूरी है कि होम्योपैथी का गंभीर अध्ययन हो और इसे बाज़ार के प्रभाव से बचाकर पीड़ित मानवता की सेवा के चिकित्सा माध्यम के रूप में



प्रोत्साहित किया जाए। इन दिनों हम वैश्विक महामारियों और लाइलाज बीमारियों के दौर में जी रहे हैं। लगभग हर उम्र और वर्ग में जटिल बीमारियों का लाइलाज होना जहां चिंता की बात है वहीं होम्योपैथिक उपचार ने न केवल इसे सहज बनाया है बल्कि बेहद कम ख़र्च में इलाज को आम लोगों के लिए सुलभ कर दिया है। अभी कुछ वर्ष पूर्व ही दुनिया भर में फैले कोरोना वायरस संक्रमण के दौर को याद कीजिए।

उपचार के नाम पर पूरी दुनिया में अफ़रातफ़री थी। लोग परेशान थे और मर रहे थे। ऐसे में होम्योपैथी के रोगनिरोधी दवाओं ने बहुत काम किया। भारत वर्ष में सरकारी और निजी तौर पर बड़ी तादाद में होम्योपैथी की रोग प्रतिरोधी दवा बांटी गई और उसका असर भी हुआ कि कोरोना संक्रमण काफ़ी हद तक कम हो गया और लोग दहशत से बाहर आ गए थे। गंभीर बीमारियों और महामारियों में होम्योपैथी की भूमिका को समझने के लिए जर्नल ऑफ हिस्ट्री ऑफ मेडिसिन एंड एलाइड साइंसेज की 1997 के अंक में दर्ज सन् 1832 एवं 1854 में युरोप में फैले एशियाटिक कालरा महामारी की स्थिति का अध्ययन करना चाहिए। उस समय के जाने माने जनस्वास्थ्य वैज्ञानिक डॉ. जान स्नो ने ब्रिटेन के किंग जॉर्ज (छठे) की मदद से रॉयल लंदन होम्योपैथिक अस्पताल के चिकित्सकों की सेवाएं ली और लाखों लोगों को असमय मरने से बचा लिया था। आज कल वैश्विक स्तर पर होम्योपैथी खूब चर्चा में है। विभिन्न लोगों एवं समूहों में आलोचनाओं के बाद भी होम्योपैथी की स्वीकार्यता बढ़ी ही है। आधुनिक चिकित्सा के कई बड़े चिकित्सक भी न केवल होम्योपैथिक उपचार को अपना रहे हैं बल्कि वे अपने मरीज़ों को होम्योपैथी उपचार लेने की सलाह भी दे रहे हैं। आज आवश्यकता इस बात की है कि होम्योपैथी के लाभकारी गुणों को वैज्ञानिकता की कसौटी पर परख कर उसे जनसुलभ बनाया जाए। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी "ट्रेडिशनल मेडिसिन इन एशिया" नाम से एक मोनोग्राफ प्रकाशित कर होम्योपैथी एवं अन्य आयुष पद्धतियों की प्रासंगिकता को स्वीकार किया है। संगठन ने इस वर्ष (2025) विश्व स्वास्थ्य दिवस के संदेश के रूप में "स्वस्थ शुरुआत- आशापूर्ण भविष्य" की बात की है। संगठन भी मान रहा है कि सभी तार्किक एवं वैज्ञानिक चिकित्सा पद्धतियों का समन्वय करके ही दुनिया को रोगमुक्त करने की दिशा में सोचा जा सकता है। हम होम्योपैथी की प्रासंगिकता और वैज्ञानिकता को लेकर नियमित चर्चा करें, इसकी कमियों को दूर करने का प्रयास करें साथ ही इसे जनसुलभ बनने के लिए भी पहल करें। वैश्वीकरण के दौर में जब स्वास्थ्य और शिक्षा बाजार की भेंट चढ़ गए हों, तब इस सहज और सस्ती वैज्ञानिक उपचार प्रणाली का महत्त्व वैसे ही बढ़ जाता है। होम्योपैथी में नियमित अनुसंधान की सख़्त ज़रूरत है। हम होम्योपैथिक चिकित्सकों को भी नये रोगों की चुनौतियों और उसके सफल होम्योपैथिक उपचार का अध्ययन करते रहना चाहिए। इन लाइलाज रोगों की चुनौतियाँ तथा आम लोगों में बढ़ती ग़रीबी के मद्दे नज़र भी होम्योपैथी जैसी सहज और सुलभ चिकित्सा पद्धति को और बढ़ाया जाना चाहिए। देखा जा रहा है कि महँगे इलाज का बोझ आम लोगों को कंगाल बना रहा है।देश की एक बड़ी आबादी कुपोषण का शिकार है। हमें यह भी सोचना होगा कि एक तार्किक चिकित्सा प्रणाली को मज़बूत और ज़िम्मेदार बनाने के प्रयासों के बजाए वे कौन लोग हैं जो इसे झाड़ फूंक,प्लेसिबो या सफ़ेद गोली के जुमले में बाँधे रखना चाहते हैं? यदि ये एलोपैथी की दवा और व्यापार की लॉबी है तो कहना होगा कि उनका स्वार्थ महँगी और बेतुके इलाज के नाम पर लूट क़ायम करना और भ्रम खड़ा करना है। हमें उनसे सावधान रहना होगा। नहीं तो आप उपचार की एक सहज, सरल, सस्ती और प्रामाणिक चिकित्सा विधि से महरूम रह जाएंगे।

(लेखिका होम्योपैथिक चिकित्सक एवं पोषणविज्ञानी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

**बैंकॉक सम्मेलन**
अरविंद जयतिलक




# बिम्सटेक को प्रभावी बनाने की पहल

थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में दक्षिण पूर्व एशियाई देशों को एक मंच पर लाने वाला 'बंगाल की खाड़ी बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग पहल (बिम्सटेक) शिखर सम्मेलन संपन्न हो गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शिखर सम्मेलन के जरिए क्षेत्र में सहयोग और समन्वय बढ़ाने की पहल के साथ बैंकॉक विजन 2030 तक का रोडमैप खींच दिया। उन्होंने आर्थिक एकीकरण और कनेक्टिविटी पर जोर देते हुए व्यापार बाधाओं को कम करने, डिजिटल व्यापार एवं ई-कामर्स का विस्तार करने पर बल दिया। साथ ही उन्होंने सीमा पार लेन-देन को सुव्यवस्थित करने के लिए बिम्सटेक डिजिटल व्यापार मंच की सार्थकता को भी रेखांकित किया। इसे ध्यान में रखते हुए उन्होंने भारत के यूपीआई को बिम्सटेक सदस्य देशों की भुगतान सिस्टम से जोड़ने का आह्वान किया ताकि क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाई दी जा सके। अगर सदस्य देश इसमें दिलचस्पी दिखाते हैं तो निःसंदेह इस क्षेत्र में व्यापार, व्यवसाय और पर्यटन को पंख लगना तय है। जिस तरह दुनियाभर में व्यापारिक तनाव बढ़ रहा है और टैरिफ वार चल रहा है उस परिप्रेक्ष्य में बिम्सटेक क्षेत्र में स्थानीय मुद्रा में व्यापार की संभावनाएं अर्थव्यवस्था को नई गति दे सकती है। इसीलिए प्रधानमंत्री मोदी ने इसकी व्यवहारिकता को समझने-परखने के लिए एक अध्ययन का प्रस्ताव रखा। उन्होंने आतंकवाद निरोध और समुद्री सुरक्षा पर बल देते हुए मानव संसाधन अवसंरचना के संगठित विकास के लिए बिम्सटेक (बोधि) पहल का भी एलान किया। इसका उद्देश्य भारत में प्रत्येक वर्ष तीन सैकड़ा युवाओं को प्रशिक्षित करना है। शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुखिया मुहम्मद यूनुस के साथ बैठक कर बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा का भी सवाल उठाया। देखना दिलचस्प होगा कि मुहम्मद यूनुस इसे कितनी गंभीरता से लेते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने पड़ोसी देश म्यांमार को भी आश्वस्त किया कि वहां आए भीषण भूकंप से निपटने में भारत का सहयोग जारी रहेगा। गौर करें तो इस शिखर सम्मेलन के जरिए प्रधानमंत्री मोदी ने बिम्सटेक को प्रभावी बनाने की हर संभव पहल की है। ध्यान देना होगा कि मौजूदा समय में वैश्विक परिस्थितियां तेजी से बदल रही हैं। ऐसे में बिम्सटेक को प्रभावी बनाना न सिर्फ दक्षिण व पूर्वी एशिया के हित में है बल्कि यह क्षेत्रीय मंच समूचे विश्व के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बन सकता है। शिखर सम्मेलन में बनी सहमति के इन प्रभावी सुझावों को मूर्त रूप दिया जाता है तो निःसंदेह बिम्सटेक की उपादेयता बढ़ेगी।

उल्लेखनीय है कि बिम्सटेक यानी बंगाल की खाड़ी बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग उपक्रम की स्थापना 1997 में हुई। यह बंगाल की खाड़ी से तटवर्ती या समीपी देशों का एक अंतरराष्ट्रीय आर्थिक सहयोग संगठन है। गौर करें तो बिम्सटेक क्षेत्र प्राकृतिक साधनों, जनशक्ति तथा प्रतिभा से भरपूर है। विश्व की 22 फीसद आबादी इस क्षेत्र में रहती है और इसका संयुक्त सकल घरेलू उत्पाद 2500 अरब डॉलर है। अगर सदस्य देश सामंजस्य बनाकर कार्य करते हैं तो इससे इस क्षेत्र में व्याप्त गरीबी, अशिक्षा और कुपोषण से लड़ने में मदद मिलेगी। अच्छी बात है कि बिम्सटेक ने अपने हर सम्मेलन में कई महत्वपूर्ण आर्थिक निर्णय लिए हैं। इन निर्णयों का ही प्रतिफल है कि आज बिम्सटेक देशों के बीच आर्थिक गतिविधियां तेज हुई हैं। आज नेपाल के कुल पूंजी निवेश में लगभग 36 फीसद पूंजी निवेश भारत करता है। भारत सरकार औसतन वार्षिक बजट का लगभग 60 से 75 करोड़ रुपये नेपाल को पर्याप्त सहायता पैकेज के रूप में देती है। बिम्सटेक के सदस्य देश भूटान की कृषि, सिंचाई, सड़क परियोजनाओं में भारत निरंतर सहयोग कर रहा है। भूटान की चुक्ख हाईडिल परियोजना एवं पेनडेना सीमेंट संयंत्र खोलने के लिए भारत ने बड़ी धनराशि मुहैया करायी है। भूटान के सचिवालय के निर्माण तथा पुराने मठों तथा विहारों के जीर्णोंद्धार में भी भारत मदद कर रहा है। इसके अलावा भारत उसे केरोसिन और तेल की सब्सिडी भी देता है। बिम्सटेक के अन्य सदस्य देश म्यांमार, श्रीलंका और थाइलैंड के साथ भी भारत के गहरे रिश्ते हैं। म्यांमार में लोकतंत्र के उदय में भारत की अहम भूमिका रही है। पूंजी प्रवाह में उतार-चढ़ाव और विकसित देशों की मौद्रिक नीतियों में बदलाव के इस दौर में बिम्सटेक के लिए आवश्यक है कि वह आपसी मतभेदों को भुलाकर अर्थव्यवस्था के विकास को उत्प्रेरित करने, निवेश आकर्षित करने, उच्च आर्थिक वृद्धि बनाए रखने तथा रोजगार के अवसर सृजित करने से जुड़ी नीतियों को अमलीजामा पहनाएं।

(लेखक विदेशी मामलों के विशेषज्ञ हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## शिव के अंश से जन्म पर मनुष्य ज्ञानी होता है



संकलित
**दर्शन**

साधक दो प्रकार के होते हैं। एक प्रकार के साधक का स्वभाव बंदर के बच्चे की तरह होता है, दूसरे प्रकार के साधक का स्वभाव बिल्ली के बच्चे की तरह। बंदर का बच्चा स्वयं अपनी मां को पकड़े हुए उससे लिपटा रहता है, पर बिल्ली का बच्चा स्वयं मां को नहीं पकड़ता, मां उसे जहां छोड़ दे, वहीं पड़ा रहता है। बंदर का बच्चा स्वयं अपनी मां को पकड़े रहता है, इसलिए अगर कभी उसका हाथ छूट जाए तो वह गिर पड़ता है और उसे चोट पहुंचती है। पर बिल्ली के बच्चे को यह भय नहीं है, क्योंकि उसे उसकी मां स्वयं पकड़कर एक जगह से दूसरी जगह ले जाती है। इसी प्रकार, ज्ञानयोगी या कर्मयोगी साधक बंदर के बच्चे की तरह स्वयं के प्रयत्न से मुक्तिलाभ करने का प्रयास करता है, परंतु भक्त साधक ईश्वर को ही एकमात्र कर्ता जानकर बिल्ली के बच्चे की तरह उन्हीं के चरणों में निर्भय होकर निश्चित पड़ा रहता है। ज्ञानी कहता है सोहम। मैं ही वह शुद्ध आत्मा हूं। परंतु भक्त कहता है, अहा, यह सब उनकी ही महिमा है। यह सब कुछ मैं हूं, यह सब कुछ तुम हो, तुम स्वामी हो, मैं सेवक-इन तीन भावों में से किसी भी एक में दृढ़ रूप से प्रतिष्ठित होने पर ही भगवत्प्राप्ति होती है। शिव के अंश से जन्म होने पर मनुष्य ज्ञानी होता है। उसका मन सदा ब्रह्म सत्य, जगत मिथ्या, इसी बोध की ओर जाता है। विष्णु के अंश से जन्म हो तो प्रेम-भक्ति होती है। उसके मन से प्रेम-भक्ति कभी नहीं जाती। बहुत ज्ञान विचार करने के बाद यदि किसी समय यह प्रेम-भक्ति कुछ कम भी हो जाए तो फिर और एक समय यह यदुवंश का ध्वंस करने वाले मूसल की तरह देखते-देखते बढ़ भी जाती है।

## मृत्यु अटल है, जो समझे वे प्रसन्न रहेंगे



संकलित
**प्रेरणा**

एक प्रवचन के बाद एक व्यक्ति तुकाराम के पास आया और बोला कि आप इतने आनंद में और शांत कैसे रहते हैं? तुकाराम जी ने उस व्यक्ति की बातें ध्यान से सुनीं और अचानक बोले कि भाई सात दिनों के बाद तुम्हारी मृत्यु होने वाली है। ये बात सुनते ही तुरंत ही उस व्यक्ति की हालत खराब हो गई। क्योंकि वह मानता था कि तुकाराम जी बहुत सिद्ध संत हैं, इनकी बात गलत नहीं हो सकती है। उसने तय किया कि जीवन के सात दिन बचे हैं तो अब आनंद के साथ ही जीना चाहिए। उस व्यक्ति ने अपनी जीवन शैली ही बदल दी। सभी के साथ प्रेम से रहने लगा। उसने जो गलतियां की थीं, उनमें सुधार किया। जिन लोगों को उसकी वजह से नुकसान हुआ था, उनसे क्षमा मांगी। हर पर प्रसन्न रहने लगा। इसी तरह सातवां दिन आ गया। उनसे सोचा कि अंतिम दिन अपने गुरु से भी मिल लेना चाहिए। वह तुरंत ही तुकाराम जी के पास पहुंच गया। उसने कहा कि जैसा आपने कहा था कि मेरी सात दिन बात मृत्यु होगी। आज सातवां दिन है। अंतिम दिन मैं आपसे मिलने आया हूं। तुकाराम जी ने उसकी बात सुनी और कहा कि जुग-जुग जियो। ये बात सुनकर उस व्यक्ति ने कहा कि गुरु जी मैं अगले दिन तो मैं मर जाऊंगा तो आप ऐसा आशीर्वाद क्यों दे रहे हैं? तुकाराम जी ने कहा कि मैंने तो तुम्हें तुम्हारे ही सवाल का जवाब दिया था, तुमने मेरे प्रसन्न रहने का रहस्य पूछा था।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### महंगाई को मिलकर नकेल दें सरकारें

देश के लोग इस वक्त महंगाई से त्रस्त हैं। सरकार को महंगाई रोकने के अपने वादों को पूरा करना चाहिए। अकसर यह देखा जाता है कि चुनाव के दौरान भारी भरकम वादे किए जाते हैं, लेकिन उन वादों को निभाया नहीं जाता है। केंद्र की वर्तमान सरकार ने भी चुनाव के दौरान महंगाई पर नकेल कसने का वादा किया था, लेकिन वह इस वादे को पूरा नहीं कर पाई है। प्रायः हर प्रदेश में खाद्य पदार्थों के दाम ऊपर ही जा रहे हैं। आटा, चावल, सब्जियां, तेल, दालों आदि के भाव अपनी ऊंचाई पर हैं। फलों के दाम भी बढ़ते ही जा रहे हैं। महंगाई को बढ़ने से रोकने के लिए केंद्र सरकार के साथ-साथ राज्य सरकारों को भी कदम उठाने चाहिए। यह एक सामूहिक दायित्व है।

*- लखन चतुर्वेदी, राजनांदगांव*

## करंट अफेयर

### अमेरिका ने खाद्य सहायता कार्यक्रम में मदद बंद की

ट्रंप प्रशासन ने अफगानिस्तान, सीरिया, यमन और 11 अन्य गरीब देशों में लाखों लोगों के लिए संयुक्त राष्ट्र विश्व खाद्य कार्यक्रम को वित्तीय सहायता देना बंद कर दिया है, जबकि इनमें से कई देश संघर्ष का सामना कर रहे हैं। संगठन और अधिकारियों ने 'एसोसिएटेड प्रेस' को यह जानकारी दी। विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) ने सोमवार को सोशल मीडिया पोस्ट में अमेरिका से इस फैसले को वापस लेने की अपील की। दो अमेरिकी अधिकारियों और एसोसिएटेड प्रेस के पास मौजूद दस्तावेजों के अनुसार इस सहायता को बंद कर 'यूएस एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट' द्वारा संचालित कुछ बचे मानवीय कार्यक्रमों को भी बंद किया जा रहा है। डब्ल्यूएफपी ने 'एक्स' पर कहा, 'यह कटौती अत्यधिक भूख और भुखमरी का सामना कर रहे लाखों लोगों के लिए मौत की सजा के बराबर हो सकती है।" एजेंसी ने कहा कि उसने इस तरह के कार्यक्रमों के 'लगातार समर्थन का आग्रह करने के लि" ट्रंप प्रशासन से बात की है और पहले के योगदान के लिए अमेरिका और अन्य मददगारों को धन्यवाद दिया।




## ऑफ बीट

### पालतू बिल्ली से एलर्जी का खतरा क्यों ज्यादा होता है

अगर आपने अपने घर में बिल्ली पाल रखी है, तो सावधान हो जाएं। पालतू बिल्लियां धूल के कणों के बाद एलर्जी उभरने की दूसरी सबसे बड़ी वजह हैं।



लेकिन, पालतू बिल्लियों से एलर्जी का वास्तविक स्रोत क्या है? और क्या बिल्लियों की कुछ नस्लें एलर्जी के लिहाज से ज्यादा संवेदनशील होती हैं? बिल्लियों से एलर्जी को लेकर कई भ्रम और गलतफहमियां हैं। आइए, इनमें से कुछ को दूर करें। बाल जिम्मेदार नहीं-आम धारणा के विपरीत बिल्ली के बाल लोगों में एलर्जी के लिए जिम्मेदार नहीं होते। अलबत्ता, बिल्ली की लार और त्वचा की ग्रंथियों में पैदा होने वाला प्रोटीन 'फेल डी 1' एलर्जी के खतरे को बढ़ावा देता है। यूं तो बिल्लियों के शरीर में एलर्जी के लिए जिम्मेदार आठ कण का उत्पादन होता है, लेकिन विभिन्न अध्ययनों में 'फेल डी 1' को इनमें सर्वाधिक घातक पाया गया है। 'फेल डी 1' एक सूक्ष्म प्रोटीन है, जो कपड़ों और अन्य सतहों से आसानी से चिपक जाता है। यह हवा में भी लंबे समय तक सक्रिय रह सकता है, जिससे इसके श्वास के रास्ते शरीर में प्रवेश करने की आशंका रहती है। विभिन्न अध्ययनों से पता चला है कि 'फेल डी 1' उन घरों में भी मौजूद हो सकता है, जहां बिल्लियां नहीं होतीं।

## ट्रेंड

### रामसहाय के निधन से दुख



सुप्रसिद्ध लोक कलाकार पद्मश्री रामसहाय पांडे जी के निधन से अत्यंत दुख हुआ है। उन्होंने अपनी अद्भुत कला, लगन और परिश्रम से बुंदेलखंड के लोकनृत्य राई को अंतरराष्ट्रीय ख्याति दिलाई। शोक की इस घड़ी में ईश्वर उनके परिजनों और प्रशंसकों को संबल प्रदान करें। ओम शांति!

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### समृद्ध राजधानी दिल्ली



हमारा लक्ष्य केवल शासन करना नहीं, बल्कि प्रत्येक दिल्लीवासी को नीति निर्धारण और विकास प्रक्रिया का सक्रिय भागीदार बनाना है। दिल्ली को एक समावेशी, सशक्त और समृद्ध राजधानी बनाने के संकल्प के साथ हम निरंतर आगे बढ़ रहे हैं।

-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली

### संविधान की सुरक्षा जरूरी



बीजेपी लगातार दलितों को अपमानित और संविधान पर आक्रमण करती आ रही है। इसलिए संविधान का सिर्फ सम्मान नहीं, सुरक्षा भी ज़रूरी है। देश संविधान और उसके आदर्शों से चलेगा, मनुस्मृति से नहीं।

-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

### रचनात्मक सामग्री



भारत रचनात्मक सामग्री का सबसे बड़ा निर्माता और उपभोक्ता है। यदि संगठित और असंगठित रचनात्मक अर्थव्यवस्था को एक साथ रखते हैं तो हम पहले से ही एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था हैं।

-शेखर कपूर, फिल्मकार

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : **haribhoomi@gmail.com**
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## कैबिनेट के फैसले : पंजाब-हरियाणा के लिए 1878 करोड़ का रोड प्रोजेक्ट

# जीरकपुर बाइपास और पीएमकेएसवाई को दी मंजूरी, आंध्र-तमिलनाडु को भी मिली सौगात

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में बुधवार को कई अहम फैसलों की जानकारी केंद्रीय रेल और सूचना-प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दी। उन्होंने बताया कि कैबिनेट ने रेल लाइन प्रोजेक्ट और बाइपास परियोजनाओं पर मुहर लगा दी है। जीरकपुर बाइपास के निर्माण, तिरुपति-पाकला-कटपडी सिंगल रेलवे लाइन के दोहरीकरण और कमांड एरिया डेवलपमेंट एंड वाटर मैनेजमेंट के आधुनिकीकरण को भी मंजूरी दी है पीएम मोदी की अध्यक्षता में बैठक में हाइब्रिड एन्युटी मोड पर पंजाब और हरियाणा में 1878.31 करोड़ की लागत से 19.2 किलोमीटर लंबाई वाले 6 लेन वाले एक्सेस कंट्रोल्ड जीरकपुर बाइपास के निर्माण को मंजूरी दी गई। इस परियोजना का उद्देश्य पटियाला, दिल्ली, मोहाली एरोसिटी से यातायात को डायवर्ट करके और हिमाचल प्रदेश को सीधा संपर्क देकर जीरकपुर, पंचकूला और आसपास के क्षेत्रों में भीड़भाड़ को कम करना है।

### यातायात को डायवर्ट कर और हिमाचल को सीधा संपर्क देकर भीड़ कम करेंगे



### रेल लाइन परियोजना भी स्वीकृत

वैष्णव ने बताया कि कैबिनेट ने आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में तिरुपति-पाकला-कटपडी सिंगल रेलवे लाइन सेक्शन (104 किमी) के दोहरीकरण को मंजूरी दी। इसकी लागत 1332 करोड़ होगी। मल्टी-ट्रैकिंग परियोजना से लगभग 400 गांवों और लगभग 14 लाख आबादी तक कनेक्टिविटी बढ़ेगी। तिरुमाला वेंकटेश्वर मंदिर से कनेक्टिविटी के साथ-साथ, यह परियोजना खंड श्री कालहस्ती शिव मंदिर, कनिपकम विनायक मंदिर और चंद्रगिरी किला जैसे अन्य प्रमुख स्थलों को रेल कनेक्टिविटी प्रदान करेगी।

### एम-सीएडीडब्ल्यूएम आधुनिक होगा

कैबिनेट ने 2025-2026 की अवधि के लिए प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (पीएमकेएसवाई) की उप-योजना के रूप में कमांड एरिया डेवलपमेंट एंड वाटर मैनेजमेंट (एम-सीएडीडब्ल्यूएम) के आधुनिकीकरण को भी मंजूरी दी है। इसका आरंभिक परिव्यय 1600 करोड़ होगा।

### आंध्र प्रदेश से वेल्लोर तक कई स्टेशन पुल और रोड ओवर ब्रिज बनेंगे

*आंध्र प्रदेश (चित्तूर, तिरुपति) से तमिलनाडु (वेल्लोर) तक जाने वाली रेलवे लाइन में 15 स्टेशन, 17 बड़े पुल, 327 छोटे पुल, 7 रोड ओवर ब्रिज , 30 रोड अंडर ब्रिज शामिल हैं। इस परियोजना में 113 किलोमीटर लंबी पटरी भी होगी और अधिक माल तथा मेल/एक्सप्रेस/यात्री ट्रेनों को चलाने की अतिरिक्त क्षमता भी होगी।परियोजना श्री कालहस्ती शिव मंदिर, कनिपकम विनायक मंदिर, चंद्रगिरी किला आदि जैसे अन्य प्रमुख स्थलों को रेल संपर्क प्रदान करेगी, साथ ही तिरुमाला वेंकटेश्वर मंदिर को भी जोड़ेगी। इससे से लगभग 400 गांवों को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी और लगभग 14 लाख लोगों को लाभ मिलेगा।*

### 1,600 करोड़ मंजूर किए

### कमांड एरिया डेवलपमेंट एंड वाटर मैनेजमेंट से किसान होंगे लाभान्वित

केंद्र ने किसानों के लिए एक बड़ी योजना को मंजूरी दी है। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना ( पीएमकेएसवाई ) के तहत एक नई उप-योजना 'कमांड एरिया डेवलपमेंट एंड वॉटर मैनेजमेंट को 025-26 के लिए लागू किया जाएगा। इसके लिए 1600 करोड़ का बजट तय किया गया है। इसका उद्देश्य देश में सिंचाई व्यवस्था को आधुनिक बनाना और जल प्रबंधन को बेहतर करना है। इसके तहत खेतों तक पानी पहुंचाने के लिए पुराने नहरों या अन्य जल स्रोतों को आधुनिक तकनीकों से जोड़ा जाएगा ताकि किसानों, को समय पर और पर्याप्त पानी मिल सके और वे इसका लाभ उठा सकें।

### कृषि प्रणाली और टिकाऊ होगी

इस योजना में पानी के कुशल उपयोग को बढ़ावा देने नई तकनीकों का इस्तेमाल किया जाएगा, जिससे खेत स्तर पर जल उपयोग दक्षत में वृद्धि होगी। एक हेक्टेयर तक के खेतों में भूमिगत दबावयुक्त पाइपलाइन प्रणाली स्थापित की जाएगी, जिससे सूक्ष्म सिंचाई को प्रोत्साहन मिलेगा और फसल उत्पादन भी बढ़ेगा। सिंचाई प्रणाली के प्रबंधन की जिम्मेदारी वॉटर यूजर सोसाइटियों को दी जाएगी।

# महाराष्ट्र चुनाव धोखाधड़ी से जीते गए, लोकतंत्र को धीरे-धीरे खत्म करने का प्रयास हो रहा : खरगे

## अहमदाबाद में एआईसीसी सत्र में कांग्रेस अध्यक्ष ने केंद्र को घेरा

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

अहमदाबाद में एआईसीसी सत्र को संबोधित करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को भाजपा पर बड़ा आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में धोखाधड़ी से जीत दर्ज की। ऐसा फर्जीवाड़ा जो पहले कभी नहीं देखा गया। उन्होंने बैलेट पेपर पर चुनाव कराने की जोरदार वकालत की। खरगे ने मोदी सरकार पर पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने और लोकतंत्र को धीरे-धीरे खत्म करने के लिए सरकारी संपत्ति बेचने का भी आरोप लगाया। पूरी दुनिया ईवीएम से बैलेट पेपर की ओर बढ़ रही है, लेकिन हम ईवीएम का इस्तेमाल कर रहे हैं। यह सब धोखाधड़ी है। वे हमसे इसे साबित करने के लिए कहते हैं। आपने ऐसी तकनीकें तैयार की हैं, जिनसे सत्ताधारी पार्टी को फायदा होता है और विपक्ष को नुकसान होता है। उन्होंने कहा कि इस देश के युवा उठेंगे और कहेंगे कि हमें बैलेट पेपर चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि महाराष्ट्र में क्या हुआ? हमने हर जगह इस मुद्दे को उठाया।



### सरकार कुछ छिपाना चाह रही

*उन्होंने कहा कि सरकार ने लोगों के मुद्दों पर बहस करने के बजाय सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के अपने एजेंडे के लिए देर रात तक संसद में बहस की। उनका इशारा वक्फ कानून के लिए लाए गए विधेयक पर लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही की ओर था। मणिपुर पर बहस सुबह 4 बजे हुई और उन्होंने निवेदन किया कि इसे अगले दिन आयोजित किया जाए, लेकिन सरकार सहमत नहीं हुई। खरगे ने आरोप लगाया कि ऐसा लगता है कि सरकार कुछ छिपाना चाहती है।*

### खामियों पर चर्चा

### संगठन में नियुक्ति पर सवाल खड़े कर दिए

अधिवेशन का बुधवार को आखिरी दिन था। इस दौरान सदस्यों ने खुले मंच से संगठन की खामियों पर बात की और अपना पक्ष भी रखा। कानपुर से आने वाले नेता आलोक मिश्रा ने संगठन में नियुक्ति पर सवाल खड़े कर दिए हैं। आलोक ने दावा किया कि पार्टी ने एक ऐसा शहर अध्यक्ष बनाया है, जिसके बेटे भाजपा और सपा में हैं।



### कांग्रेस का राष्ट्रवाद देश जोड़ने का : पायलट

कांग्रेस महासचिव सचिन पायलट ने कहा कि अब समय आ गया है कि धर्म-जाति, भाषा, क्षेत्रवाद, पहनावा और खानपान की दुहाई देकर सत्ता को हथियाने वालों को करारा जवाब दिया जाए। उन्होंने यहां कांग्रेस अधिवेशन में पार्टी का प्रस्ताव चर्चा के लिए रखते हुए यह दावा भी किया कि कांग्रेस का राष्ट्रवाद देश को जोड़ने का, जबकि भाजपा का राष्ट्रवाद देश को तोड़ने का है।

## महुआ ने भाजपा पर लगाया आरोप

# क्या हम सिर्फ ढोकला खाएं और 3 बार जय श्रीराम बोलें?



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा ने आरोप लगाते हुए दावा किया है कि दिल्ली के चितरंजन पार्क में जबरन मछली की दुकानें बंद कराई जा रही हैं। उन्होंने इसका आरोप भाजपा के लोगों पर लगाया है। एक वीडियो में वे भाजपा पर भड़कती हुई दिख रही हैं। उन्हें सुना जा सकता है कि दिनदहाड़े भाजपा के गुंडे दुकानदारों को धमका रहे हैं और उनसे कह रहे हैं कि वे यहां मछली की दुकानें नहीं चला सकते। मोइत्रा ने कहा कि क्या भाजपा हमें बताएगी कि हमें ढोकला खाना है और दिन में 3 बार 'जय श्री राम' बोलना है?भाजपा मुस्लिम विरोधी, हिंदू विरोधी और संविधान विरोधी है। मंदिर पर अब भाजपा के गुंडे दावा कर रहे हैं।

### दिल्ली पुलिस कराएगी मामले की जांच

दिल्ली पुलिस ने सांसद महुआ मोइत्रा के इस दावे की जांच करने का फैसला किया है कि दक्षिणपंथी विचारधारा से जुड़े कुछ लोगों ने दक्षिण दिल्ली के चित्तरंजन पार्क इलाके में मछली की दुकानों को जबरन बंद कराने की कोशिश की थी या नहीं। फिलहाल इस संबंध में उन्हें कोई औपचारिक शिकायत नहीं मिली है, लेकिन पुलिस सोशल मीडिया पोस्ट से जुड़े तथ्यों की पुष्टि कर रही है। यह बाजार दिल्ली नगर निगम के रिकॉर्ड के अनुसार लाइसेंस प्राप्त है। वीडियो पुराना प्रतीत होता है, लेकिन हम घटना की तारीख की पुष्टि कर रहे हैं।

## संजीव बने जेके-लद्दाख हाईकोर्ट के एक्टिंग सीजे



**नई दिल्ली।** केंद्र ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हाई कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजीव कुमार को कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया है। नियुक्ति 10 अप्रैल से प्रभावी होगी। मुख्य न्यायाधीश ताशी रबस्तान 9 अप्रैल को सेवानिवृत्त हो गए हैं। जब तक नए सीजे की नियुक्ति नहीं होती, तब तक वे जिम्मेदारी निभाएंगे।

## विधानसभा में भिड़े आप और पीडीपी विधायक



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा का सत्र मंगलवार को उस वक्त अशांत हो गया जब आपके विधायक मेहराज मलिक और पीडीपी विधायक वहीद पारा के बीच जमकर नोकझोंक हो गई। बहस ने ऐसा रूप लिया कि बात धक्कामुक्की और तीखी जुबानी जंग तक जा पहुंची। अन्य विधायकों को बीच में आना पड़ा।

## अयोध्या मंदिर में राम दरबार छह जून से श्रद्धालुओं के लिए खुलेगा : नृपेंद्र मिश्र

**लखनऊ (भाषा)।** अयोध्या में राम मंदिर में अगले महीने राम दरबार स्थापित किया जाएगा जिसे श्रद्धालुओं के लिए छह जून से खोला जाएगा। हालांकि यह प्राण प्रतिष्ठा समारोह जैसा नहीं होगा। मंदिर निर्माण समिति के प्रमुख नृपेंद्र मिश्र ने यह जानकारी दी है। यह आयोजन, 2020 में शुरू हुए मंदिर निर्माण के पूरा होने से भी जुड़ा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में 2024 में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा हुई थी। मिश्र ने 'पीटीआई-भाषा' को फोन पर बताया, "राम लला की प्राण प्रतिष्ठा इस मंदिर के भूतल पर 2024 में हो चुकी है।

## जम्मू में उधपमुर और किश्तवाड़ में एनकाउंटर


# तीन आतंकियों को सुरक्षाबलों ने घेरा दोनों ओर से लगातार गोलीबारी जारी

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर



जम्मू के उधमपुर जिले में बुधवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच एनकाउंटर शुरू हो गया। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने बताया कि किश्तवाड़ जिले के छात्रू क्षेत्र में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ शुरू हो गई है। आतंकवादी और सुरक्षाबलों के बीच लगातार फायरिंग जारी है।

उधमपुर पुलिस ने 'एक्स' पर बताया कि पुलिस और अन्य सुरक्षा बलों द्वारा तलाशी अभियान के दौरान उधमपुर के रामनगर थाना क्षेत्र के जोफर गांव में तीन आतंकवादियों से मुठभेड़ शुरू हो गई। पुलिस ने बताया कि गोलीबारी जारी है। उधमपुर-रियासी रेंज के डीआईजी मोहम्मद रईस भट ने कहा कि दो से तीन आतंकवादी हैं और रुक-रुक कर गोलीबारी जारी है। यह स्थान खब्बल के उत्तर में जोफर है। यह वही इलाका है जहां सुरक्षा बलों ने 3 अप्रैल को आतंकवादियों को देखा था।



सड़क परिवहन मंत्रालय के सचिव को स्पष्टीकरण के वास्ते तलब किया

# दुर्घटना पीड़ितों के लिए 'कैशलेस' उपचार योजना में देरी पर केंद्र को फटकार

पीठ ने आपत्ति जताई कि आठ जनवरी के आदेश के बावजूद केंद्र ने उसका अनुपालन नहीं किया। यह न केवल अदालत के आदेशों की अवहेलना है, बल्कि लाभकारी कानून को लागू करने में भी कोताही है।

**हिट-एंड-रन मामलों के दावों को जीआईसी पोर्टल पर अपलोड करें**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को मोटर दुर्घटना पीड़ितों के लिए 'कैशलेस' उपचार की योजना तैयार करने में देरी को लेकर केंद्र को फटकार लगाई तथा सड़क परिवहन मंत्रालय के सचिव को स्पष्टीकरण के वास्ते तलब किया। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने इस बात पर आपत्ति जताई कि आठ जनवरी के आदेश के बावजूद केंद्र ने उसका अनुपालन नहीं किया। पीठ ने कहा, ''दिया गया समय 15 मार्च, 2025 को समाप्त हो गया है। यह न केवल इस अदालत के आदेशों की गंभीर अवहेलना है, बल्कि एक बहुत ही लाभकारी कानून को लागू करने में भी कोताही है।



**आदेशों को गंभीरता से नहीं लिया**

हम सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के सचिव को वीडियो-कॉन्फ्रेंस के जरिये पेश होने और यह बताने का निर्देश देते हैं कि इस अदालत के निर्देशों का पालन क्यों नहीं किया गया।'' पीठ ने कहा कि जब शीर्ष सरकारी अधिकारियों को यहां बुलाया जाता है, तभी वे अदालत के आदेशों को गंभीरता से लेते हैं।

स्पष्टीकरण मांगा

### यह आपका अपना कानून है, लोग जान गंवा रहे, कैशलेस इलाज की कोई सुविधा नहीं

पीठ ने हालांकि टिप्पणी की, ''यह आपका अपना कानून है, लोग जान गंवा रहे हैं, क्योंकि कैशलेस इलाज की कोई सुविधा नहीं है। यह आम लोगों के फायदे के लिए है। हम आपको नोटिस दे रहे हैं, हम अवमानना के तहत कार्रवाई करेंगे। अपने सचिव को कहें कि यहां आकर सफाई दें।'' शीर्ष अदालत ने अधिकारी को स्पष्टीकरण के लिए 28 अप्रैल को उपस्थित होने का निर्देश दिया। पीठ ने परिवहन विभाग के सचिव को सभी जिला मजिस्ट्रेटों को लिखित में निर्देश जारी करने का भी निर्देश दिया कि वह उन हिट-एंड-रन मामलों के दावों को जनरल इंश्योरेंस काउंसिल (जीआईसी) पोर्टल पर अपलोड करें जिनकी जानकारी अबतक नहीं दी गई है। उच्चतम न्यायालय ने आठ जनवरी को केंद्र को निर्देश दिया था कि वह कानून के तहत सबसे अहम समय में मोटर दुर्घटना पीड़ितों के लिए कैशलेस चिकित्सा उपचार की योजना तैयार करे। शीर्ष अदाल ने फैसले में मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 162(2) का हवाला दिया था और सरकार को 14 मार्च तक योजना उपलब्ध कराने का आदेश दिया था।

दिल्ली में अनुमेय अवधि से पुराने 60 लाख वाहन चल रहे

### केंद्र सरकारी विभागों में इलेक्ट्रिक वाहन के इस्तेमाल के लिए प्रस्ताव पेश करे : न्यायालय

उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को केंद्र को निर्देश दिया कि वह प्रदूषण कम करने के लिए सरकारी विभागों में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के इस्तेमाल के संबंध में 30 अप्रैल तक एक प्रस्ताव प्रस्तुत करे। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी को अप्रैल के अंत तक प्रस्ताव अदालत के रिकॉर्ड में रखने का निर्देश दिया। भाटी ने सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत को बताया कि दिल्ली में अनुमेय अवधि से पुराने 60 लाख वाहन चल रहे हैं, जबकि एनसीआर (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र) में यह संख्या 25 लाख है। पीठ ने कहा, '' अतिरिक्त सॉलिसीटर जनरल ने दिल्ली और एनसीआर क्षेत्र में बड़ी संख्या में पुराने वाहनों के चलने का मुद्दा उठाया है। जब हम वाहन प्रदूषण के मुद्दे पर विचार करेंगे, तब हम इस संबंध में निर्देश जारी करेंगे।'

**खबर संक्षेप**

### म्यांमार मदद पर यूएन ने की भारत की तारीफ



**मांडले।** संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों के समन्वय के लिए कार्यालय (ओसीएचए) के म्यांमार प्रमुख सज्जाद मोहम्मद सज्जाद ने म्यांमार की मदद के लिए भारत की तारीफ की है। म्यांमार में हाल ही में आए विनाशकारी भूकंप के बाद भारत ने जिस तेजी और प्रभावी तरीके से सहायता पहुंचाई है, उसने उसे एक प्रमुख मानवतावादी सहयोगी के रूप में स्थापित कर दिया है। उन्होंने कहा कि भारत ने 'ऑपरेशन ब्रह्मा' के तहत तेजी से मदद पहुंचाई है।

### नाइट क्लब की छत ढहने से 124 लोगों की मौत

**सैंटो डोमिंगो।** डोमिनिकन गणराज्य की राजधानी सैंटो डोमिंगो में एक नाइट क्लब की छत गिरने से कम से कम 124 लोगों की मौत हो गई, जबकि सैकड़ों अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि सैंटो डोमिंगो का मशहूर जेट सेट नाइट क्लब सोमवार और मंगलवार की दरमियानी रात गायकों, संगीत प्रेमियों, एथलीट और सरकारी अधिकारियों से खचाखच भरा हुआ था। उन्होंने कहा कि मंच पर मेरेंग्यू गायिका रूबी पेरेज प्रस्तुति दे रही थीं, तभी नाइट क्लब की छत से सीमेंट झड़ने लगा और देखते ही देखते पूरी छत ढह गई। छत ढहने से डांस फ्लोर पर नाच रहे कम से कम 124 लोगों की मौत हो गई और दर्जनों अन्य मलबे के नीचे दब गए।

### दर्शन मेहता का 64 साल की उम्र में हुआ निधन

**नई दिल्ली।** रिलायंस ब्रांड्स लिमिटेड (आरबीएल) के पूर्व प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) दर्शन मेहता का बुधवार को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। मेहता 64 साल के थे। दर्शन मेहता पिछले साल नवंबर तक आरबीएल के प्रबंध निदेशक के रूप में कंपनी का नेतृत्व कर रहे थे, जिसके बाद वह गैर-कार्यकारी निदेशक के रूप में परामर्शदाता की भूमिका में आ गए।

प. बंगाल की मुख्यमंत्री बोलीं, अधिनियम के लागू होने से मुसलमान दुखी

# बंगाल में अल्पसंख्यकों और उनकी संपत्तियों की रक्षा करेंगे : ममता

बंगाल में 'फूट डालो और राज करो की नीति' नहीं चलने देंगे

*हमारे राज्य में 33 प्रतिशत लोग अल्पसंख्यक समुदायों से, क्या हमें उन्हें बाहर निकाल देना चाहिए?*

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को कहा कि वक्फ (संशोधन) अधिनियम के लागू होने से मुसलमान दुखी हैं और उन्होंने अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को आश्वासन दिया कि वह राज्य में उनकी और उनकी संपत्तियों की रक्षा करेंगी। कोलकाता में जैन समुदाय के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बनर्जी ने कहा कि वह बंगाल में 'फूट डालो और राज करो की नीति' को जारी नहीं रहने देंगी। बांग्लादेश की सीमा से लगे मुर्शिदाबाद जिले में वक्फ (संशोधन) अधिनियम के खिलाफ मंगलवार को बड़े पैमाने पर हिंसा भड़कने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा, ''मैं जानती हूं कि वक्फ अधिनियम के लागू होने से आप दुखी हैं। विश्वास रखें, बंगाल में ऐसा कुछ नहीं होगा जिससे कोई बांटकर राज कर सके। आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है।'' वक्फ (संशोधन) विधेयक तीन अप्रैल को लोकसभा द्वारा और उसके अगले दिन तड़के लंबी बहस के बाद राज्यसभा द्वारा पारित कर दिया गया। बनर्जी ने कहा, ''बांग्लादेश की सीमा से लगे क्षेत्रों की स्थिति को देखिए। किसी को भी जल्दबाजी में काम नहीं करना चाहिए।

*बांग्लादेश की सीमा से लगे क्षेत्रों की स्थिति देखिए किसी को भी जल्दबाजी में काम नहीं करना चाहिए*

**राज्य के वासियों से शांति की अपील की**



### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दी विधेयक को मंजूरी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को विधेयक को अपनी मंजूरी दे दी। तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख बनर्जी ने लोगों से उन लोगों की बातों पर ध्यान नहीं देने की अपील की जो उन्हें राजनीतिक आंदोलन शुरू करने के लिए उकसाते हैं। उन्होंने कहा, ''ऐसे लोग हैं जो आपको राजनीतिक रूप से भड़काएंगे, आपको इकट्ठा होने और आंदोलन शुरू करने के लिए उकसाएंगे।

### उच्चतम न्यायालय में रिट याचिका दायर करेगी नेशनल कॉन्फ्रेंस

**जम्मू (भाषा)।** नेशनल कॉन्फ्रेंस वक्फ (संशोधन) अधिनियम के खिलाफ उच्चतम न्यायालय में रिट याचिका दायर करेगी। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता और विधायक तनवीर सादिक ने बुधवार को यह जानकारी दी। सादिक ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा के बाहर संवाददाताओं से कहा, ''पार्टी अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला के निर्देश पर नेशनल कॉन्फ्रेंस उच्चतम न्यायालय में रिट याचिका दायर करेगी। यह कानूनी लड़ाई अब वहीं लड़ी जाएगी।'' उन्होंने कहा कि नेकां का मानना है कि यह अधिनियम मुस्लिम समुदाय के धार्मिक मामलों में संवैधानिक रूप से ''चिंताजनक हस्तक्षेप'' है।

**भाजपा का हमला**

### ममता बनर्जी फर्जी हिंदू : सुवेंदु अधिकारी

- ममता के इस बयान पर भाजपा नेता और पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने कहा कि ममता फर्जी हिंदू हैं, अपनी भाषा और आचरण से उन्होंने यह सिद्ध कर दिया है। मुर्शिदाबाद में हिंदुओं की दुकानों पर तोड़फोड़ की गई, पुलिस पर हमला किया गया। फिर भी ममता चुप हैं।
- वक्फ संशोधन कानून लोकसभा-राज्यसभा से पास होने के बाद 8 अप्रैल से देश में लागू कर दिया गया है। इसकी संवैधानिकता के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में 12 याचिकाएं दाखिल हो चुकी हैं। सुप्रीम कोर्ट इस पर सुनवाई के लिए तैयार है। तारीख अभी नहीं तय की है।
- जम्मू-कश्मीर विधानसभा में बुधवार को लगातार तीसरे दिन नए वक्फ कानून पर हंगामा हुआ। विधानसभा में नेशनल कॉन्फ्रेंस और भाजपा के विधायकों के बीच हाथापाई हो गई। विधानसभा की कार्यवाही स्थगित कर दी गई।
- दूसरी ओर, आप विधायक मेहराज मलिक ने कहा- हिंदू तिलक लगाते हैं लेकिन पाप करते हैं। इस पर भाजपा विधायक विक्रम रंधावा ने मलिक की निंदा करते हुए कहा कि यह हिंदुओं का अपमान है।
- पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में मंगलवार शाम को वक्फ कानून के विरोध के दौरान हिंसा भड़क गई।

स्लोवाकिया पहुंची राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

## राष्ट्रपति महल में हुआ स्वागत, कई एमओयू पर किए जाएंगे हस्ताक्षर

एजेंसी ▶▶ ब्रैटिस्लावा



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का बुधवार को स्लोवाक गणराज्य के राष्ट्रपति पीटर पेलेग्रिनी ने राष्ट्रपति भवन में स्वागत किया। राष्ट्रपति मुर्मू बुधवार को अपनी दो-राष्ट्र राजकीय यात्रा के दूसरे चरण में यहां पहुंचीं, वह स्लोवाक गणराज्य की यात्रा करने वाली दूसरी भारतीय राष्ट्राध्यक्ष बन गईं। राष्ट्रपति पीटर पेलेग्रिनी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का ब्रातिस्लावा में राष्ट्रपति भवन में गार्ड ऑफ ऑनर के साथ औपचारिक स्वागत किया। लोक परिधान पहने एक जोड़े ने उन्हें रोटी और नमक देकर पारंपरिक स्लोवाक स्वागत किया। यह प्राचीन परंपरा विभिन्न विशेष अवसरों पर विशिष्ट अतिथियों के लिए आतिथ्य, मित्रता और सम्मान के प्रतीक के रूप में प्रतीकात्मक रूप से निभाई जाती है।

अगले माह रूस जा सकते हैं पीएम मोदी

## पुतिन ने नौ मई को विजय दिवस परेड के लिए भेजा आमंत्रण पत्र

एजेंसी ▶▶ मॉस्को



रूस ने पीएम नरेंद्र मोदी को द्वितीय विश्व युद्ध में जर्मनी पर विजय की 80वीं वर्षगांठ के अवसर पर नौ मई को आयोजित होने वाले समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है। उप विदेश मंत्री आंद्रे रुदेंको ने यह जानकारी दी। रूस को पीएम मोदी के नौ मई की परेड के लिए आने की उम्मीद है। रुदेंको ने कहा कि निमंत्रण पहले ही भेजा जा चुका है और यात्रा की योजना बनाई जा रही है। रूस ने इस साल की विजय दिवस परेड में शामिल होने के लिए कई मित्र देशों के नेताओं को आमंत्रित किया है। जनवरी 1945 में, सोवियत सेना ने जर्मनी के खिलाफ एक आक्रामक अभियान शुरू किया था। नौ मई को 'कमांडर-इन-चीफ' ने जर्मनी के बिना शर्त आत्मसमर्पण से जुड़े अधिनियम पर हस्ताक्षर किए।

### फ्रांस से खरीदे जाएंगे 26 राफेल मरीन विमान, 63000 करोड़ के सौदे को मंजूरी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



भारत ने फ्रांस से 26 राफेल मरीन लड़ाकू विमान खरीदने के लिए मेगा डील को मंजूरी दे दी है। 63,000 करोड़ रुपए से अधिक के इस सरकारी सौदे पर जल्द ही हस्ताक्षर किए जा सकते हैं। इस सौदे के तहत भारतीय नौसेना को 22 सिंगल-सीटर और चार ट्विन-सीटर विमान मिलेंगे। यह सौदा भारतीय वायुसेना के राफेल विमानों की क्षमताओं को भी अपग्रेड करने में मदद करेगा। राफेल-एम जेट को भारतीय नौसेना के विमानों के बेड़े में शामिल किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीएस) ने इस सौदे को मंजूरी दे दी। जुलाई 2023 में रक्षा मंत्रालय ने फ्रांस से 26 राफेल समुद्री जेट विमानों की खरीद को मंजूरी दी थी। इसे स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत पर तैनात किया जाएगा। भारतीय वायु सेना ने उड़ान भरने की स्थिति में 36 राफेल लड़ाकू विमान खरीदे हैं।

### भारत में कृषि सहयोग के लिए बिम्सटेक उत्कृष्टता केंद्र' की स्थापना का रखा प्रस्ताव

**नई दिल्ली (ब्यूरो.)।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण व ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को नेपाल के काठमांडू में तीसरी बिम्सटेक कृषि मंत्रिस्तरीय बैठक में भारत का नेतृत्व किया। इसमें भारत, बांग्लादेश, भूटान, नेपाल, म्यांमार, थाईलैंड और श्रीलंका जैसे बिम्सटेक देशों के कृषि मंत्रियों और वरिष्ठ कृषि अधिकारियों ने भाग लिया। इस बैठक ने कृषि विकास के क्षेत्र में अधिक क्षेत्रीय सहयोग का अवसर प्रदान किया है। बिम्सटेक देशों के बीच सहयोग को और मजबूत करने के लिए भारत ने 'भारत में कृषि सहयोग के लिए बिम्सटेक उत्कृष्टता केंद्र' की स्थापना का प्रस्ताव रखा है।

हरियाणा सरकार
Haryana Shehri Vikas Pradhikaran

विवादों से समाधान योजना (VSSS) 2024

ध्यान दें! HSVP प्लॉट धारकों के लिए सुनहरा अवसर

क्या आप अपने प्लॉट की लंबित एन्हांसमेंट (Enhancement) लागत से परेशान हैं?

अब कम राशि में भुगतान करने का सुनहरा मौका

VSSS के तहत, आप अपनी बकाया एन्हांसमेंट (Enhancement) राशि को रियायती दर पर निपटा सकते हैं। यह सीमित समय के लिए विशेष अवसर है, जिससे आप अपनी देनदारियां आसानी से समाप्त कर सकते हैं!

- कम भुगतान करें – VSSS 2024 के तहत रियायती दर पर निपटान
- झंझट मुक्त प्रक्रिया – कोई कानूनी जटिलता नहीं
- सीमित समय के लिए ऑफर – अभी आवेदन करें

यह योजना विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत आने वाले आवासीय प्लॉट, फ्लोर वाइस रजिस्ट्रेशन, ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी, साथ ही संस्थागत और औद्योगिक प्लॉट वाले सभी आबंटियों और प्लॉट धारकों के लिए उपलब्ध है। यह योजना 140 सेक्टरों में फैली हुई है और 5000 से अधिक आवेदकों के लिए 550 करोड़ रुपये से अधिक की छूट प्रदान करती है।

309 आबंटी पहले ही इस पहल का लाभ उठा चुके हैं, और अब आपकी बारी है इस अवसर का लाभ उठाने की।

इस योजना के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 14 मई, 2025 है।

HSVP
Chief Administrator
Haryana Shehri Vikas Pradhikaran
C-3, HUDA Complex, Sector 6,
Panchkula - 134109, Haryana,
Email: ao2branch24@gmail.com

विवादों से समाधान पोर्टल के लिंक के लिए
https://vsss.hsvphry.org.in/ पर जाएं

'नवकार महामंत्र' कार्यक्रम में शामिल हुए प्रधानमंत्री मोदी

# पारंपरिक धोती-कुर्ता धारण कर नंगे पांव पहुंचे मोदी, 108 दिव्य गुणों को किया नमन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'नवकार महामंत्र दिवस' पर आयोजित 'नवकार महामंत्र' कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बिना जूते के पहुंचे। उन्होंने मंच पर नहीं बल्कि आम लोगों के साथ बैठकर कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने पारंपरिक धोती और कुर्ता धारण किया था। इस दौरान उन्होंने कहा कि जैन धर्म ने भारत की पहचान स्थापित करने में अमूल्य भूमिका निभाई है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इसके मूल्य आतंकवाद, युद्ध और पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी वैश्विक चुनौतियों से पार पाने में मददगार हैं। पीएम मोदी ने एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि उनकी सरकार इस प्राचीन धर्म की विरासत और शिक्षाओं के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। मोदी ने कहा कि नवकार मंत्र का पाठ करते समय 108 दिव्य गुणों को नमन किया जाता है।



*अनेकांतवाद के सिद्धांत का हवाला देते हुए मोदी ने कहा कि दुनिया को इसकी बहुत जरूरत है क्योंकि इसके तहत विभिन्न दृष्टिकोणों की सराहना की जाती है। अनेकांतवाद जैन धर्म में गैर-निरपेक्षता को बढ़ावा देने वाला एक प्रमुख सिद्धांत है। इसके तहत यह माना जाता है कि अंतिम सत्य को अलग-अलग तरीके से देखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि जैन धर्म में जीवन की पारस्परिक निर्भरता का खासा महत्व है और इसलिए इसमें मामूली हिंसा पर भी रोक है।*

### शांति, सद्भाव और पर्यावरण संरक्षण के लिए अच्छा माध्यम

*मोदी ने कहा कि यह शांति, सद्भाव और पर्यावरण संरक्षण के लिए सबसे अच्छा सबक है। जैन साहित्य भारत की आध्यात्मिक भव्यता की रीढ़ है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार इसे संरक्षित करने के लिए कई कदम उठा रही है, जिसमें इसके प्राचीन ग्रंथों का डिजिटलीकरण और पाली व प्राकृत को शास्त्रीय भाषा घोषित करने की हालिया योजना भी शामिल है।*



### 9 प्रतिज्ञाएं लेने का अनुरोध किया

मोदी ने लोगों से जल संरक्षण, अपनी मां की याद में एक पेड़ लगाना, स्वच्छता को बढ़ावा देना, स्थानीय लोगों के लिए मुखर होना, देश में यात्रा करना, प्राकृतिक खेती को अपनाना, मोटे अनाजों का अधिक सेवन कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाना और खाद्य तेल के उपयोग में 10 प्रतिशत की कटौती करना समेत 9 प्रतिज्ञाएं लेने का अनुरोध किया।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25